आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
वर्ष-11 । अंक 137 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, गुरुवार, 22 मई, 2025

### प्रदेश के प्रतिभागियों की योग्यता और क्षमता, देश को मध्यप्रदेश के प्रभाव का अनुभव कराएगी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन गर्व का विषय

# मप्र देश का दिल है, इसकी धड़कनों में आहट होना चाहिए : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल है, और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होना चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन मध्यप्रदेश की क्षमता को दर्शाता है। प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान तथा उनसे संवाद के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने पुस्तिका 'मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम' का विमोचन किया। इस अवसर पर ई-ज्ञानसेतु और चयनित प्रतिभागियों पर वृत चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल, प्रतिभागी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक स्वस्थ्य लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की ही देन है कि जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यह भी गर्व का विषय है कि सिविल सेवा में चयनित अधिकांश युवाओं ने शासकीय स्कूलों से पढ़ाई की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता संग्राम में श्रद्धेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के उद्धरण देते हुए अभ्यर्थियों से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जनसामान्य के प्रति संवेदनशील, जनकल्याण के लिए सक्रिय और लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन कल्याण और देश का विकास लोक सेवा का मुख्य उद्देश्य है। चयनित अभ्यर्थी अपनी कार्यकुशलता और निपुणता के साथ परिश्रम करेंगे तो उनके कार्यों और भावनाओं की सुगंध चंदन की तरह वातावरण में फैलेगी।

### प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में प्रदेश के युवाओं का चयन प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। आप सबके सहयोग से प्रदेश के सपनों को साकार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सिविल सेवा परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य शासन विशेष प्रयास कर रहा है। इस वर्ष शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का चयन हुआ है, जो दर्शाता है कि न केवल स्कूल शिक्षा अपितु उच्च शिक्षा का भी ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से विस्तार हुआ है। अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 1009 अभ्यर्थियों में से 60 मध्यप्रदेश से हैं। अभ्यर्थियों की इस सफलता से प्रदेश के सभी युवा प्रेरणा ले सकें, इस उद्देश्य से कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंदसौर के श्री ऋषभ चौधरी और बालाघाट की फरखंदा कुरैशी ने सिविल सेवा चयन परीक्षा में अपने अनुभव साझा किए।




### सिंहस्थ 2028 की मंत्रि मण्डलीय समिति की तीसरी बैठक को किया संबोधित

## जल्द पूर्ण किये जाएं सिंहस्थ 2028 से संबंधित अधोसंरचना के सभी कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए रेलवे से आवश्यक समन्वय जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ 2028 से संबंधित सभी अधोसंरचना के कार्यों को जल्द पूर्ण करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित कर, गतिविधियां संचालित की जाएं। कार्यालीन प्रक्रियाओं को वर्षाकाल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिसमें वर्षाकाल के तुरंत बाद निर्माण प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जा सकें। नगर निगम उज्जैन, विकास प्राधिकरण सहित अन्य निर्माण ऐजेंसियों में यदि तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी है तो अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लेकर यह कमी दूर की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का रेल से बड़ी संख्या में आवागमन होगा और महाकालेश्वर सहित ओंकारेश्वर तथा मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भी श्रद्धालुओं के आवागमन के मुख्य केंद्र रहेंगे। अतः सड़क मार्गों के साथ-साथ रेलवे से बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे क्षेत्र में रेल यातायात को सुगम तथा श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ 2028 की मंत्रि- मण्डलीय समिति की तीसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई इस बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य नागरिका आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ 2028 में स्नान व पेयजल, सीवरेज, आवागमन, श्रद्धालुओं के आवास, कानून व्यवस्था, आवश्यक चिकित्सा सुविधा आदि के लिए की जारी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण, पर्यटन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में कान्ह नदी डायवर्जन, 30 किमी घाट निर्माण, क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए सिलार खेड़ी सेवर खेड़ी बांध, क्षिप्रा व कान्ह नदी पर बैराजों के निर्माण की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। इंदौर- उज्जैन मार्ग के सिक्स लेन में चौड़ीकरण, इंदौर-उज्जैन वैकल्पिक मार्ग, इंदौर-उज्जैन-ओंकारेश्वर और महेश्वर में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित अन्य पर्यटन सुविधाओं के निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट : 54 नक्सली गिरफ्तार, 84 ने किया सरेंडर : शाह

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में सीपीआई-माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू सहित 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है। गृह मंत्री ने इस बड़ी सफलता के लिए बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना की। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 84 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हई है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया, जिनमें नंबाला केशव राव, उर्फ बासवराजू भी शामिल है, जो सीपीआई-माओवादी का महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ था। यह पहली बार है जब भारत की नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।

गृह मंत्री ने कहा कि इस बड़ी सफलता के लिए वे हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करते हैं। यह भी खुशी की बात है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है।

### वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई

## केंद्र बोला- वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो।

SG मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है।

सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं।

### सिर्फ 5 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही

वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर CJI बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं।

नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

### अपराध की आय से 142 करोड़ कमाए, नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में

# ED बोली- सोनिया-राहुल के खिलाफ केस बनता है

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ED ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपए कमाए हैं।

ED की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त नहीं कर ली।

ED की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना



सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज की जा चुकी है। जिसमें सोनिया और राहुल सहित 7 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

**कोर्टः** पिछली सुनवाई में सैम पित्रोदा को नोटिस भेजा गया था। उनकी तरफ से आज कोई पेश हो रहा है या नहीं, अगर नहीं तो हम उनके बिना केस की सुनवाई करेंगे।

एसवी राजू के असिस्टेंट एडवोकेट जोहैब हुसैनः चूंकि इस अपराध को संज्ञान में लिया गया है तो पहली नजर में आरोपियों के खिलाफ केस बनता है। सत्येंद्र जैन से जुड़ा मामला इसका सबसे सटीक उदाहरण है।

**जोहैब हुसैनः** यंग इंडियन कंपनी का आरोपियों को मुनाफा जारी रखने के लिए अलावा कोई दूसरा बिजनेस नहीं था। ऐसे में कंपनी से जुड़े शेयर और संपत्ति भी अपराध से जुड़ी आय में शामिल है।

**कोर्टः** क्या ये सब कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ी हैं।

**हुसैनः** हां ये सभी अपराध की आय के अंतर्गत आते हैं।

# नेवी में नया शिप शामिल, नाम- INSV कौंडिन्य

### कर्नाटक के कारवाड़ में बेस रहेगा; अजंता की पेंटिंग से प्रेरणा, लकड़ी-रस्सी से बनाया

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

सिलकर बनाया गया शिप इंडियन नेवल सेलिंग वेसल (INSV) कौंडिन्य आज इंडियन नेवी के जहाजी बेड़े में शामिल हो गया। कारवाड़ नेवल बेस पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए।

इसका नाम भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। उन्होंने हिंद महासागर को पार करके साउथ-ईस्ट एशिया की यात्रा की थी। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि साल के अंत में यह गुजरात से ओमान तक के पारंपरिक ट्रेड रूट पर ट्रांस-ओशनिक यात्रा करेगा। आधुनिक वेसल (पोत) से अलग इस सिले हुए जहाज में चौकोर पाल और स्टीयरिंग बोर्ड लगा है। स्टीयरिंग बोर्ड का उपयोग पतवार के आविष्कार से पहले जहाज को कंट्रोल करने के लिए किया जाता था। इसके अलावा शिप के पाल पर गंधभेरुंड (दैवीय पक्षी) और सूर्य की आकृतियां हैं। उसके बो पर नक्काशीदार शेर और डेक पर हड़प्पा शैली का पत्थर का लंगर लगाया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने फंडिंग की, 2 साल में तैयार हुआ सिलाई तकनीक से जहाज बनाने के प्रोजेक्ट में संस्कृति मंत्रालय, नौसेना और होदी इनोवेशन शामिल थे। इनके बीच



जुलाई, 2023 में समझौता हुआ था। संस्कृति मंत्रालय ने इसके लिए फंड दिया था। 12 सितंबर, 2023 को जहाज की कील बिछाने का काम हो गया था। केरल के कारीगरों ने इसे बनाने में पूरी तरह से पारंपरिक तरीकों और कच्चे माल का इस्तेमाल किया। मास्टर शिपराइट बाबू शंकरन के नेतृत्व में हजारों कारीगरों ने हाथ से सिले हुए जोड़ बनाए। शिप फरवरी, 2025 में गोवा के होदी शिपयार्ड में लॉन्च किया गया था। नौसेना ने बताया था, 'इस जहाज को बनाने में लकड़ी, नारियल के रेशों वाली रस्सी और सिंथेटिक का इस्तेमाल किया गया। यह अजंता गुफाओं की एक पेंटिंग से प्रेरित था। यह हमारे आधुनिक जहाज बनाने के इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है।'

दुनिया के किसी भी नौसैनिक जहाज से अलग नौसेना ने होदी इनोवेशन और पारंपरिक कारीगरों की मदद से कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट से लेकर डिजाइन, टेक्निकल वेलिडेशन और कंस्ट्रक्शन तक पूरे प्रोजेक्ट की देखरेख की है। इसके डिजाइन और कंस्ट्रक्शन में कई तरह की टेक्निकल चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा।

कोई भी पुराना ब्लूप्रिंट या अवशेष न होने के कारण इसकी डिजाइन करना आसान नहीं था। सिले हुए पतवार, लकड़ी के पुर्जे और पारंपरिक स्टीयरिंग मैकेनिज्म से तैयार यह जहाज दुनिया में कहीं भी नौसेना में मौजूद किसी भी जहाज से अलग है। इस प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में इस शिप को पारंपरिक समुद्री ट्रेड रूट पर चलाया जाएगा। गुजरात से ओमान तक शिप की पहली समुद्री यात्रा की तैयारियां पहले से ही चल रही हैं।

'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' : प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक थीम पर विश्व मधुमक्खी दिवस-2025 का आयोजन

# केंद्रीय कार्यालय इर्ला रोड में 'स्वीट क्रांति उत्सव' का आयोजन

● मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने सीईओ केवीआईसी सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में कार्यक्रम का किया उद्घाटन।

● अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि पीएम श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वीट क्रांति' ने बदला मधुमक्खी पालकों और किसानों का जीवन।

● वित्तवर्ष 2024-25 में केवीआईसी से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने 25 करोड़ रुपये के शहद का निर्यात किया।

संवाददाता ● भोपाल









आयोजन

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मंगलवार को इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम – 'प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक' (Bee inspired by nature to nourish us all) पर आधारित था, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण 'श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति' के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया।

मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा, 'मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन' आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है।' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया; जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।' अध्यक्ष केवीआईसी ने विशेष रूप से केवीआईसी के 'हनी मिशन' की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं, जिससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। इससे मधुमक्खी पालकों को लगभग 325 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में निर्यात किया है।

इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हनी मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक समग्र आजीविका मॉडल है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं, महिलाओं और किसानों को इस मिशन से रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केवीआईसी द्वारा संचालित हनी प्रोसेसिंग प्लांट्स, प्रशिक्षण केंद्र और मार्केटिंग नेटवर्क ने मधुमक्खी पालन को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया है।'

कार्यक्रम में केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (CBRTI), पुणे की ऐतिहासिक भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि वर्ष 1962 में स्थापित इस संस्थान ने आज तक 50,000 से अधिक मधुमक्खी पालकों को आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग दी है। CBRTI का उद्देश्य न केवल शहद उत्पादन को बढ़ावा देना है, बल्कि किसानों को परागण के माध्यम से कृषि और बागवानी उत्पादकता बढ़ाने की जानकारी देना, मधुमक्खी पालन से संबंधित अनुसंधानों को बढ़ावा देना और उद्यमिता विकास को सशक्त करना भी है।

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने बताया कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलों का परागण मधुमक्खियों के माध्यम से होता है। यदि मधुमक्खियां न रहें, तो 30 प्रतिशत खाद्य फसलें और 90 प्रतिशत जंगली पौधों की प्रजातियां संकट में आ सकती हैं। कार्यक्रम में देश के सभी हिस्सों से लाभार्थियों ने डिजिटल रूप से अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। इसके साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, कविता, और निबंध ने कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। कार्यक्रम में केवीआईसी के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनर्स को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' प्रोग्राम

एजेंसी ● गुरुग्राम

जानी-मानी ग्लोबल पेंट्स एवं कोटिंग कंपनी और ड्यूलक्स पेंट्स की निर्माता एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने भारत की आर्कीटेक्ट और डिज़ाइनर कम्युनिटी को सशक्त बनाने के लिए 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' के लॉन्च की घोषणा की है, क्योंकि वे आज के नए भारत के लिए आधुनिक लिविंग स्पेसेज़ तैयार करते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक' भारत में इंटीरियर डिज़ाइन का मार्केट 14.3 फीसदी की दर से बढ़कर 2030 तक 81.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत में शहरीकरण 2050 तक तकरीबन 50 फीसदी के आंकड़े को पार कर जाएगा, ऐसे में टियर 2 और टियर 3 शहरों में क्यूरेटेड एवं पर्सनलाइज़्ड लिविंग स्पेसेज़ की मांग तेज़ी से बढ़ रही है।

ड्यूलक्स मास्ट्रो के लॉन्च पर बात करते हुए रोहित तोतला, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने कहा, ''हाइपर-पर्सनलाइज़्ड एवं ट्रेंडी लिविंग स्पेसेज़ की बढ़ती मांग के बीच आज के संपन्न उपभोक्ता इंटीरियर डिज़ाइनरों एवं आर्कीटेक्ट्स की विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। गुणवत्ता एवं इनोवेशन में एक्ज़ोनोबेल की 70 सालों की धरोहर के साथ ड्यूलक्स मास्ट्रो एक प्रोडक्ट से कहीं बढ़कर है। यह डिज़ाइन प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि वे महानगरों में और महानगरों के दायरे से आगे बढ़कर डिज़ाइन के प्रति सजग नए भारत में स्पेसेज़ को नया आयाम दे सकें।'' आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनरों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए ड्यूलक्स मास्ट्रो प्रोग्राम में कलर, विज़ुअलाइज़ेशन एवं पर्सनलाइज़ेशन में ड्यूलक्स के रूझानों के साथ आधुनिक बिज़नेस सपोर्ट शामिल है। साईट इंस्पेक्शन से लेकर, ऑन-साईट सैम्पलिंग, एक्सपर्ट कलर कन्सलटेन्सी और 2000 से अधिक शेड्स वाले ड्यूलक्स कलर प्लग-इन से युक्त अडवान्स्ड डिजिटल विज़ुअलाइज़ेशन तक; टेकनिकल ट्रेनिंग से लेकर ऑन-डिमांड प्रीव्यू तक- ड्यूलक्स के मान्यता प्राप्त सर्वोच्च कॉन्ट्रैक्टर्स एवं कोटेशन टूल्स के साथ यह प्रोग्राम हर चरण पर प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाता है। ड्यूलक्स मास्ट्रो प्रोग्राम के सदस्यों को एक्सक्लुज़िव फायदे मिलते हैं। इसमें शामिल है- इनोवेशन्स का अर्ली एक्सेस, प्रोफेशनल साझेदारियां, कलर एवं ट्रेंड्ज़ पर रूझान, रूझानों के पूर्वानुमान के लिए वर्कशॉप्स और एक्सक्लुज़िव रिवॉर्ड्स।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्मिकों को सातवें वेतनमान पर महंगाई भत्ते का आदेश जारी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी में कार्यरत कार्मिकों को सातवें वेतनमान में 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत एवं 01 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार सातवें वेतनमान में कार्मिकों को वर्तमान में मूल वेतन पर 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता की वृद्धि होकर कुल 53 प्रतिशत एवं 01 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि होकर कुल 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। गौ रतलब है कि कंपनी द्वारा नियमित कार्मिकों को 01 जनवरी 2024 से सातवें वेतनमान में 4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था जिसमें 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिषत एवं 01 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए अब कुल 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान कंपनी के नियमित कार्मिकों को किया जाएगा।

नियमों के उल्लंघन और अवैध तरीके से डंपिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं

## भारतीय ग्लव्स इंडस्ट्री को है गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के लागू होने का इंतज़ार

संवाददाता ● भोपाल

भारत में ग्लव्स बनाने वाली कंपनियां अब मेडिकल एवं सर्जिकल ग्लव्स (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश (QCO) को जल्द-से-जल्द लागू किए जाने की मांग कर रही है, और यह बात सार्वजनिक डोमेन में है कि इसे व्यापार में तकनीकी बाधाएं (TBT) समझौते के तहत विश्व व्यापार संगठन (WTO) को प्रस्तुत किए जाने के बाद से 60 दिन से अधिक का समय हो चुका है। QCO को रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसके तहत सभी प्रकार के आयातित और देश में बने मेडिकल एवं सर्जिकल ग्लव्स के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) का प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य हो गया है।

उद्योग जगत सरकार की ओर से आम जनता के स्वास्थ्य की हिफाजत और घरेलू ग्लव्स इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए इस निर्णायक कदम का स्वागत करता है, लेकिन इसे लागू करने में हो रही देरी से संबंधित पक्षों की चिंता बढ़ती जा रही है। इंडियन रबर ग्लव्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IRGMA) के सचिव, श्री मनमोहन गुलाटी ने कहा, 'WTO की 60 दिनों की परामर्श अवधि अब पूरी हो चुकी है, जिसमें सदस्य देश और सभी संबंधित पक्ष अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे सकते थे। हालाँकि, औपचारिक तौर पर अधिसूचना जारी नहीं होने से नियमों के उल्लंघन और अवैध तरीके से डंपिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।'

इस बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, श्री के. अनिंदिथ रेड्डी, मैनेजिंग डायरेक्टर, एनलिवा- वाडी सर्जिकल्स, ने कहा कि, 'QCO को औपचारिक तौर पर लागू किया जाना सचमुच घरेलू निर्माताओं के लिए एक बड़ी सफलता होगी, जो घटिया गुणवत्ता वाले और नियमों को अनदेखा करने वाले ग्लव्स की बाढ़ का मुकाबला करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। QCO की अधिसूचना जारी होने के साथ ही, BIS प्रमाणन नहीं लेने वाले ग्लव्स के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पाबंदी लग जाएगी। QCO का समय पर लागू होना सिर्फ गुणवत्ता वाले आयात की रोकथाम के लिए ही नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा को निष्पक्ष बनाकर और उच्च गुणवत्ता वाले घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करने के लिए भी बेहद जरूरी है।'

QCO एक बड़ी खामी को दूर करने के लिए तैयार है, जिसका फायदा अवैध और घटिया ग्लव्स के आयात के ज़रिए उठाया जा रहा था। अब इसके तहत आयातित और घरेलू, दोनों तरह के सभी ग्लव्स पर भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) और ISI प्रमाणन का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया जाएगा। उद्योग का अनुमान है कि, नया QCO ऐसे अवैध उत्पादों के सालाना 450-500 करोड़ के औसत आयात पर सीधा असर डालेगा, जिससे भारतीय बाजार में सिर्फ सुरक्षित और प्रमाणित दस्तानों का प्रवेश सुनिश्चित होगा। उद्योग इस नियमन का समर्थन करता है, फिर भी उसे अंतिम अधिसूचना जारी होने और इसे लागू करने की प्रक्रिया का बेसब्री से इंतज़ार है। खराब गुणवत्ता वाले मेडिकल ग्लव्स से आम लोगों की सेहत को होने वाले संभावित खतरों से बचाने के लिए, भारतीय ग्लव्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री QCO को समय पर लागू करने का अनुरोध करती है।

## शॉट न्यूज

### चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** सदर बाजार इलाके में दो पक्षों में विवाद के दौरान चाकूबाजी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी के दौरान पुलिस को देखकर वह भागा तो तो गिरने से घायल हो गया। इसके पास से हमले में उपयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया। थाना सदर बाजार पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का नाम सैयद जफर अली पिता सैयद अमजद अली निवासी सदर बाजार मैन रोड, मराठी मोहल्ला है। क्षेत्र में तीन दिन पहले दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। आरोपी जफर ने अपने साथी के साथ पुराने विवाद की बात को लेकर फरियादी व घायल उत्तम शर्मा और कुणाल सेन पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था।

### प्लाट के नाम पर की 6.50 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक युवक को प्लाट बेचने के नाम पर आरोपी ने 6.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी सलीम खान 40 साल की रिपोर्ट पर आरोपी दिलशाद पिता अब्दुल सत्तार निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी सलीम ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल 20 23 को दिलशाद से एक प्लांट का सौदा कर 6.50 लाख दिए। लेकिन दिलशाद ने रजिस्ट्री नहीं की और ना ही प्लांट दिया। फरियादी सलीम ने मामले में संबंधित थाने और पुलिस अधिकारियों को शिकायत की मगर आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

## कैनडियर ने शाहरुख़ को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

कैनडियर ने देश में उभरते लाइफस्टाइल ज्वैलरी सेगमेंट में तेजी से विकास के लिए खुद को किया तैयार किया

एजेंसी ● मुंबई

कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैनडियर ने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी कैनडियर की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति का एक अहम पड़ाव है, और आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ज्वैलरी को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। ब्रांड ने ऐसी ज्वैलरी पेश की है, जो व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति, अर्थपूर्ण उपहार और दैनिक स्टाइल का प्रतीक बने।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैली है, अब कैनडियर के डिजिटल, टीवी, प्रिंट और इन-स्टोर कैंपेन का चेहरा होंगे। उनके कालातीत आकर्षण और गहराई से जुड़े फैनबेस के चलते वे कैनडियर के विज़न के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। कैनडियर के डायरेक्टर, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, 'भारतीय ज्वैलरी उद्योग में अब स्पष्ट सेगमेंटेशन देखने को मिल रहा है। उपभोक्ता अब ऐसी ज्वैलरी चाहते हैं जो उनके व्यक्तित्व, जीवनशैली और खास मौकों से मेल खाए। कैनडियर इसी बदलाव के अनुरूप बना है । खासकर उन लोगों के लिए जो दिल से Gen Z हैंः अभिव्यक्तिपूर्ण, अलग और डिजिटल रूप से जुड़े हुए। शाहरुख़ ख़ान के साथ हमारी साझेदारी हमारी इन्हीं भावनाओं को दर्शाती है। वे पीढ़ियों को जोड़ते हैं और आज के दौर में भी उनकी लोकप्रियता शानदार है। उनके साथ हम यह संदेश देना चाहते हैं कि कैनडियर की ज्वैलरी अब सिर्फ साज-सज्जा नहीं, बल्कि पहचान और इरादे की सोच-समझकर की गई एक विचारशील, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति है।"

कैनडियर ने अपने डिज़ाइन-प्रेरित और आधुनिक संग्रहों के साथ लाइफस्टाइल ज्वैलरी के क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बनाई है। जहां यह ब्रांड महिलाओं की समकालीन ज्वैलरी के लिए जाना जाता है, वहीं पुरुषों के लिए भी इसका कलेक्शन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। और यह बाजार में सबसे विस्तृत पुरुष ज्वैलरी संग्रहों में से एक पेश करता है। कैनडियर के ब्रांड एम्बेसडर शाहरुख़ ख़ान ने कहाः 'ज्वैलरी हमेशा प्यार, यादों और पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति रही है। मैं कल्याण ज्वैलर्स समूह के ब्रांड कैनडियर के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हूं यह ब्रांड एक ताज़ा और आधुनिक सोच प्रस्तुत करता है कि आज के दौर में लोग कैनडियर कैसे पहनते हैं और उपहार में देते हैं। इसमें खूबसूरती है, प्रासंगिकता है और यह उन लोगों से जुड़ता है जो हर पल को अर्थपूर्ण बनाना चाहते हैं।" कैनडियर की ओम्नी-चैनल रणनीति ग्राहकों को एक सहज अनुभव देती है। चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या फिज़िकल स्टोर पर जाएं। कल्याण ज्वैलर्स की विरासत से प्रेरित यह ब्रांड रु. 10,000 से शुरू होने वाले कलेक्शनों के साथ शैली और किफ़ायत का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करता है। जो रोज़मर्रा के उपयोग और विशेष मौकों के लिए आदर्श है।

(हरियाणा) में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11.90 लाख रूपए रखी गई है

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया ऑल-न्यू X-ADV 'बुकिंग शुरू'

एजेंसी ● गुरुग्राम

लॉन्च

प्रीमियम टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज ऑल-न्यू X-ADV को लॉन्च किया है। यह गाड़ी एक ओर एडवेंचर मोटरसाइकिल की ताकत और परफॉर्मेंस देती है, वहीं दूसरी ओर मैक्सी-स्कूटर जैसी सुविधा और आराम भी। यानी बाइक की दमदारी और स्कूटर की सहूलियत दोनों का बेहतरीन संगम। X-ADV की बुकिंग देशभर में होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू होने की संभावना है। गुरुग्राम (हरियाणा) में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11.90 लाख रूपए रखी गई है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "होंडा में हम हमेशा परंपरागत सोच से आगे बढ़ते हुए मोटरसाइक्लिंग के अनुभव को नया आकार देने की कोशिश करते हैं। X-ADV हमारी इनोवेशन और डिज़ाइन की सोच का प्रमाण है। यह एक ऐसी मशीन है जो एडवेंचर और शहरी राइडिंग की सीमाओं को तोड़ती है। इसकी खास स्टाइलिंग, दमदार परफॉर्मेंस और एडवांस टेक्नोलॉजी उन राइडर्स के लिए है जो दो पहियों पर कुछ नया तलाशते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि X-ADV भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल पसंद करने वाले एक नए वर्ग को आकर्षित करेगा।"

इस मौके पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर – सेल्स और मार्केटिंग श्री योगेश माथुर ने कहा, "X-ADV का लॉन्च हमारी बिगविंग यात्रा में एक और अहम पड़ाव है, जहां हम लगातार अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहे हैं। एडवेंचर की ताकत और शहरी ट्रैफिक में आसानी से चलने की खूबी के साथ, X-ADV राइडिंग को एक नया मज़ा देता है। चाहे रोज़ ऑफिस जाना हो या वीकेंड की एडवेंचर ट्रिप — यह क्रॉसओवर बाइक हर मोर्चे पर परफॉर्मेंस और सुविधा का बेहतरीन संतुलन देती है। हम बिगविंग डीलरशिप्स पर राइडर्स का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं ताकि वे इस खास अनुभव को खुद महसूस कर सकें।"



### ऑल-न्यू होंडा X-ADV अब हर सफर बनेगा एक एडवेंचर

● ऑल-न्यू होंडा X-ADV अपनी फ्यूचरिस्टिक क्रॉसओवर स्टाइलिंग के साथ एडवेंचर बाइक की मजबूती और शहरी स्कूटर की सुविधा का शानदार मेल पेश करती है। इसका लुक जितना दमदार है, उतना ही अपनी ओर ध्यान भी आकर्षित करता है। इसके आगे दिए गए ड्यूल एलईडी हेडलाइट्स इसे एक प्रीमियम और मॉडर्न अंदाज़ देते हैं। हाई-विजिबिलिटी डे टाइम रनिंग लाइट्स (DRLs) इसमें खूबसूरती से टर्न इंडिकेटर्स के साथ इंटीग्रेटेड हैं, जिससे इसका फ्रंट लुक और भी आकर्षक और प्रभावशाली बनता है।

● X-ADV का डिज़ाइन देखने में जितना स्टाइलिश है, इस्तेमाल में उतना ही व्यावहारिक भी है। इसकी सीट को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि राइडर आसानी से अपने पैर ज़मीन तक पहुँचा सके। मोटी यूरेथेन पैडिंग लंबे सफर में अतिरिक्त आराम देती है। सीट के नीचे 22 लीटर का स्टोरेज कंपार्टमेंट दिया गया है, जिसमें हेलमेट या रोजमर्रा की जरूरी चीजें आसानी से रखी जा सकती हैं। इसके साथ ही इसमें एक यूएसबी टाइप-C चार्जिंग पोर्ट भी मौजूद है, जो यात्रा के दौरान और सहूलियत देता है। X-ADV दो शानदार रंगों में उपलब्ध है - पर्ल ग्लेयर व्हाइट और ग्रेफाइट ब्लैक, जो इसकी दमदार पर्सनैलिटी और डायनैमिक डिज़ाइन को और निखारते हैं।

● आधुनिक दौर के राइडर्स को ध्यान में रखते हुए X-ADV में 5 इंच की फुल-कलर टीएफटी डिस्प्ले दी गई है, जो साफ-सुथरे विज़ुअल्स और कस्टमाइज़ जानकारी के साथ राइडिंग को और बेहतर बनाती है। इसमें होंडा रोडसिंक ऐप कनेक्टिविटी की सुविधा है, जिससे राइडर्स सफर के दौरान कॉल और एसएमएस अलर्ट्स पा सकते हैं, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# फिर बढ़ने लगा पारा... धूप से परेशान होने लगे लोग...





मई के शुरुआती हफ्ते में हुई बारिश के बाद अब फिर तापमान बढ़ने लगा है। दोपहर के समय तेज धूप से लोग परेशान होने लगे है, जिससे बचने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करने पर मजबूर होने लगे है।

## शॉट न्यूज

### अपडेट होने के बाद भी ठीक से काम नहीं कर रहा ई पोर्टल

**इंदौर**। नगर निगम का ई पोर्टल अपडेट होने के बाद अभी ठीक से काम नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि पोर्टल को नए तरीके से बनाया गया है लेकिन इस नए सिस्टम में समस्या कम होने के बजाय और बढ़ गई है। लोग अपना कर जमा करने के लिए परेशान हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि पोर्टल से पुराने बकाया की जानकारी लगभग गायब हो चुकी है। कुछ लोगों ने यह भी बताया की पोर्टल पर उनकी डिमांड बहुत कम दिखाई दे रही है और जमा उससे कई गुना अधिक करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार नए वित्तीय वर्ष अर्थात 1 अप्रैल के बाद से ही नगर पालिका का ई पोर्टल बंद पड़ा हुआ है। हालांकि बताया जा रहा है कि अपडेट होने के बाद कुछ दिनों से यह चालू है, लेकिन इसके चालू होने के बाद भी यह समुचित रूप से कार्य नहीं कर रहा है। इसीलिए निगम अधिकारी इसे बंद ही समझ रहे हैं। लोगों ने बताया कि संपत्तिकर व जलकर जमा हो रहा है, मगर सही डिमांड नहीं आ रही है।

### पत्नी के हाथ-पैर बांधकर मोगरी से पीटकर किया अधमरा

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में नशे में धुत होकर घर पहुंचे आरोपी ने पत्नी से सोने के जेवर मांगे। मना करने पर उसने हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और मोगरी व सांकल से पीटकर अधमरा कर दिया। हमले के बाद वह कुंड़ी लगाकर चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना गत रात शिवकंठ नगर में रहने वाली पीड़िता चंद्रकांता पति चिंतामण सोलंकी के साथ हुई। उसे घायल हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर पति चिंतामण के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे पति नशे का आदी है और हमेशा नशे की हालत में घर आकर झगड़े करता है। गत रात भी वह शराब पीकर घर आया और विवाद किया। वह मुझसे मेरे सोने के जेवर मांगने लगा। मैंने उसे जेवर देने से मना कर दिया। इस पर उसने गालियां दी। मैंने गाली देने से मना किया तो उसने जमकर मारपीट शूरू कर दी।

### शादी का झांसा देक किया दुष्कर्म, युवती से कर लिया विवाह

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में एक युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी उसकी इज्जत से खिलवाड़ करता रहा।बाद में उसने युवती को दगा देते हुए किसी अन्य से शादी कर ली।अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई हैं। हीरानगर पुलिस ने 28 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी हिमांशु चौधरी पिता भट्टू चौधरी निवासी निम्बार्क कालोनी सेन्धवा जिला बड़वानी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं।पिडीता ने पुलिस को बताया कि आरोपी हिमांशु चौधरी ने मुझसे दोस्ती कर शादी का लालच देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाये । शादी करने का बोलने पर घर वालो से बात करने का बोलता रहा एंव मेरे साथ वर्ष 2023 से कई बार शारीरिक संबंध बनाये। शादी का दवाब देने पर आरोपी गालीया देकर जान से मारने की धमकी देने लगा और स्वंय ने किसी अन्य लडकी से शादी कर ली ।

## एमटीएच अस्पताल स्टाफ और पुलिस से की मारपीट

# बच्ची से मिलने आए परिजनों ने ICU का गेट तोड़ा, 6 पर केस

**संवाददाता ● इंदौर**

**मामला**

सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने महिला सुरक्षा गार्ड की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ अस्पताल में तोड़फोड़, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है। घटना शहर के एमटीएच अस्पताल की है, जहां बच्चा वार्ड के ICU में भर्ती एक बच्ची से मिलने पहुंचे उसके आधा दर्जन रिश्तेदारों ने हंगामा कर दिया। सेंट्रल कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता राधा दांगी इदरीस नगर की रहने वाली हैं और अस्पताल में महिला सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। राधा के अनुसार, दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक उनकी ड्यूटी ICU में थी, जहां हातोद का एक बच्चा भर्ती था। दोपहर में करीब 8-10 लोग बच्ची से मिलने आए थे, जिन्हें डॉक्टर की अनुमति के बाद एक-एक कर मिलने दिया गया। शाम करीब 5:30 बजे फिर 8-10 लोग आए और बच्ची से मिलने की जिद करने लगे। जब गार्ड राधा ने मिलने का निर्धारित समय सुबह 11 से 12:30 बजे का बताया, तो बहस शुरू हो गई। तभी एक युवक ने ICU का गेट जोर से लात मारकर तोड़ दिया।



### निष्पक्ष जांच की मांग

घटना के बाद दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। फिलहाल पुलिस ने महिला गार्ड की शिकायत पर केस दर्ज किया है, लेकिन पीड़ित पक्ष के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

### गार्ड व स्टाफ के साथ मारपीट

राधा ने घटना की सूचना गार्ड इंचार्ज महेन्द्र को दी। महेंद्र और अन्य महिला गार्ड वहां पहुंचे। बच्ची के परिजनों को समझाने पर कमल ने अपशब्द कहे और सभी गार्ड से अभद्रता की। कमल के साथ मौजूद लोगों ने महिला गार्ड राधा, रीना सोलंकी, सुनीता जाटव और गार्ड इंचार्ज महेन्द्र से मारपीट शुरु कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि आरोपियों ने पुलिसकर्मियों की वर्दी पकड़कर उनके साथ धक्का-मुक्की की। पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने भेजा।

### रिश्तेदारों ने लगाया गार्ड और पुलिस पर मारपीट का आरोप

वहीं बच्चे के रिश्तेदारों का कहना है कि विवाद की शुरुआत गार्ड राधा द्वारा मारपीट से हुई। बाद में गार्ड इंचार्ज महेन्द्र ने अपने साथी रीना सोलंकी, सुनीता जाटव, विनोद सोलंकी व अन्य गार्ड के साथ मिलकर बच्ची को देखने आए महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट की। परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद डंडों से मारा और केवल एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उनकी शिकायत नहीं सुनी।

## 1 करोड़ 5 लाख के प्रॉपर्टी सौदे में 50 लाख हड़प लिए

**इंदौर**। गांधी नगर पुलिस ने युवक के खिलाफ प्रॉपर्टी के सौदे के नाम पर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया है। आरोपी ने 1 करोड़ 5 लाख रुपए की प्रॉपर्टी का एग्रीमेंट करते हुए 59 लाख रुपए ले लिए। लेकिन इसके बाद भी ना रजिस्ट्री कराई ना एडवांस लिए रुपए वापस दिए। पुलिस के मुताबिक मयंक पुत्र अशोक जैन, निवासी वर्धमान नगर बियाबानी रोड की शिकायत पर शैलेन्द्र पोरवाल पुत्र मोहनलाल पोरवाल, निवासी कालानी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने 3 अक्टूबर 2022 को गांधीनगर की प्रेस्टीज कॉलोनी में भूखंड नंबर-84 का सौदा मयंक की पत्नी प्रेरणा जैन से किया था। अब तक ना तो इसकी रजिस्ट्री की और ना ही एडवांस में लिए रुपए ही लौटाए। निजी कंपनी में काम करने वाले मयंक ने बताया कि जिस भूखंड के एवज में शैलेन्द्र ने रुपए लिए वह किसी हर्षवर्धन रस्तोगी का था। शैलेन्द्र ने भूखंड के फर्जी पेपर बनवा कर गलत तरीके से सौदा किया। शैलेन्द्र ने पहले बताया था कि उसे हर्षवर्धन को 9 लाख देना है। इसलिए कुछ रुपए चेक के जरिए मांगे। मयंक ने साढे सात लाख रुपए का चेक और डेढ़ लाख रुपए नकद शैलेन्द्र को दे दिए। इसके साथ ही बाकी पेमेंट अलग-अलग किश्तों में दिया। बचे हुए रुपए रजिस्ट्री के बाद देने की बात कही तो शैलेन्द्र टाल मटोल करने लगा। एग्रीमेंट से ज्यादा का समय हो गया तब मयंक ने हर्षवर्धन रस्तोगी से बात की तो उन्होंने बताया कि शैलेन्द्र पोरवाल को किसी तरह का भूखंड बेचा ही नहीं है।

# नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की शैली पर इंदौर के पास आकार ले रहा मंदिर




**संवाददाता ● इंदौर**

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की वास्तुशैली में इंदौर से 20 किमी दूर तिल्लौर खुर्द के पास पशुपतिनाथ मंदिर आकार ले रहा है। 25 हजार वर्गफीट में तैयार हो रहे इस मंदिर में सर्वेश्वर भोले बाबा विराजित होंगे। 2015 में शुरू हुआ मंदिर निर्माण का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है।

यहां मंदिर के साथ हेल्थ केयर सेंटर, गोशाला, स्कूल आदि बनाए जाएंगे। शिव ओम सांई ट्रस्ट द्वारा तिल्लौर में 25 हजार वर्गफीट परिसर में पांच हजार वर्गफीट में मुख्य मंदिर बनाया जा रहा है। यह मंदिर पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल की वास्तुशैली पर बन रहा है। यहां लकड़ी की 12 फीट की 48 मूर्तियां बनाकर स्थापित की जा रही हैं।

### परिसर में 11 अन्य मंदिर भी बन रहे हैं

इनमें पहली मंजिल पर शिव परिवार, राम परिवार, कृष्ण परिवार और पांडव की मूर्तियां हैं। दूसरी मंजिल पर योगिनियों की मूर्तिया लगाई गई है। खास बात यह है कि बंगाल के कलाकारों ने एक ही तने से एक मूर्ति बनाई है। परिसर में मुख्य मंदिर के अलावा 11 अन्य मंदिर भी बन रहे हैं, जिसमें लाल गणेशजी, दत्तात्रय, अन्नपूर्णा माता, उन्मत भैरव आदि के मंदिर है। मंदिर निर्माण शुरू करने से पहले ट्रस्ट सदस्यों द्वारा नेपाल जाकर पशुपतिनाथ मंदिर भी गए और बारीकी से एक-एक वस्तु का निरीक्षण किया ताकि वास्तुशैली को यहां आकार दे सकें।

### सर्वेश्वर महादेव होंगे विराजित

ट्रस्टी मनोज ठक्कर ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर एक है और वह नेपाल में है। हम यहां पर नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की वास्तुशैली का उपयोग कर रहे हैं। मगर यहां पर सर्वेश्वर महादेव को स्थापित किया जाएगा। गेस्ट हाउस, अन्नक्षेत्र के अलावा आठ हजार वर्गफीट में भजन और आध्यात्मिक केंद्र भी बनाया जाएगा।

# ढोलक की थाप पर चाकू लेकर डांस करने वाले पकड़ाए

**संवाददाता ● इंदौर**

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक घर में पार्टी के दौरान ढोलक की थाप पर चाकू लेकर डांस कर रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा और उठक बैठक लगवाई। युवकों का डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहेल निवासी मुसाखेड़ी और मोहम्मद साद निवासी खजराना को गिरफ्तार किया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई और उनकी पहचान होने के बाद उन्हें पकड़ा गया। पुलिस जब दोनों को थाने लेकर आई तो वह अपनी गलती को लेकर पुलिस से माफी मांगने लगे। इस दौरान दोनों ने थाने में कान पड़कर उठक बैठक लगे और आगे से ऐसी गलती नहीं करने की बात कही। आजाद नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# मां अहिल्या की नगरी में भाजपा की कथनी-करनी का विरोध

**संवाददाता ● इंदौर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा इंदौर में आयोजित की गई कैबिनेट बैठक को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के मूल्य और आदर्शों को समर्पित बताना, उनकी न्यायप्रिय परंपरा और नैतिकता का सरासर अपमान है। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। लोकमाता अहिल्याबाई, जिन्होंने न्याय के लिए अपने ही पुत्र को कठोर दंड दिया, उनके नाम पर राजनीति करना और उसी समय भाजपा के एक मंत्री द्वारा भारतीय महिला सैनिक का अपमान कर माफी नामंजूर होने के बाद भी उन्हें संरक्षण



देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा भारतीय सेना और नागरिकों पर की गई टिप्पणी भाजपा की सोच को उजागर करती है। इंदौर शहर महिला कांग्रेस ने आज मां अहिल्या की प्रतिमा के समक्ष गंगाजल से अभिषेक कर भाजपा सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की और उनके कृत्यों के लिए मां अहिल्या से क्षमा मांगी। महिला कांग्रेस का स्पष्ट मानना है कि मां अहिल्या के नाम का प्रयोग केवल तब किया जाना चाहिए जब उनके आदर्शों और न्यायप्रियता को वास्तव में अपनाया जाए, न कि उन्हें राजनीतिक आड़ बनाकर उनकी विरासत को अपमानित किया जाए।

## पश्चिम क्षेत्र की कई स्कीम में लोगों को मिलेंगे हजारों प्लॉट

# लंबे समय बाद अब छोटे प्लॉट नीलाम करेगा आईडीए

**संवाददाता ● इंदौर**

**योजना**

एक लम्बे अंतराल के बाद आईडीए छोटे प्लाटों की नीलामी को लेकर योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। आईडीए की उक्त योजना में छोटे आवासीय प्लॉट लॉटरी सिस्टम के माध्यम से नीलाम किए जा सकते हैं। इसके लिए का एक तरह से काम की शुरुआत हो चुकी है।

आईडीए अधिकारियों ने बताया कि योजना क्रमांक 97 पार्ट 2 और 4 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब 9 / 30 के भूखंड की तैयारियां शुरू कर दी है जो इधर से रीजनल पार्क, एबी रोड के बीच में और पिपलियाराव, हुकमाखेड़ी, बीजलपुर, तेजपुर गड़बड़ी इलाके में जल्द ही लॉटरी सिस्टम से लगभग 1000 से अधिक छोटे प्लाट का आवंटन किया जाएगा जो 10 बाय 50, 10/50, 20/ 50, 20/ 40 आदि साइज के प्लाट रेती मंडी इलाके तक विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत स्कीम में मिलेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं और आईडीए जल्द ही अगली योजना पर काम करने जा रहा है। एक लंबे अंतराल के बाद विकास प्राधिकरण छोटे भूखंडों का आवंटन शुरू करने जा रहा है जिस पर काम तो शुरू हो गया है। इसी वर्ष पूरी तरह लोगों को छोटे प्लाट मिल सकते हैं। काफी समय से छोटे प्लाटों को लेकर विकास प्राधिकरण में इसकी मांग भी की जाती रही है। यही कारण है कि इसे प्राधिकरण जल्द ही सौगात पूरी करने जा रहा है। यहां पर पहले जमीन को लेकर हाईकोर्ट में विवाद था और हाईकोर्ट से विकास प्राधिकरण को राहत नहीं मिली तो सुप्रीम कोर्ट जाकर पूरी तरह से तैयारियां कर जानकारी दी। वहां से मिले आदेश के बाद अब यहां पर काम शुरू हो गया है।



### जहां अवैध कब्जे उन्हें भी हटाने की कार्रवाई

जानकारी अनुसार यहां लगभग 80 से 90 हेक्टेयर जमीन पर छोटे भूखंडों को विकसित कर लॉटरी सिस्टम से देने की तैयारी प्राधिकरण कर रहा है। सीईओ रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि छोटे भूखंडों पर काम चल रहा है। प्राधिकरण वैसे अपनी कई स्कीम की खाली पड़ी जमीन को नीलामी के माध्यम से लोगों को आवंटित कर रहा है और यह भी देखा जा रहा है कि अन्य जहां पर अतिक्रमण है वहां से भी अतिक्रमण हटाकर जमीन को आवंटन हितग्राहियों को किया जा रहा है। एक लंबे अंतराल के बाद अब छोटे भूखंडों की नीलामी को लेकर भी जल्द ही आगे की रुपरेखा बनेगी और छोटे भूखंड विकास प्राधिकरण जल्द ही नीलाम कर सकता है।

# गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों की बोरियत भी सेलिब्रेट करें

46 वर्षीय प्रवीण पाटिल भी बिल्कुल यही सोचते हैं और उन्होंने अपनी बेटी सान्वी पाटिल (11) और एक अन्य बच्चे अर्नव भोइंकर (12) के साथ इस महीने ये प्रयोग किया। प्रवीण ने सोचा कि क्यों न इस साल गर्मियों की छुट्टियों का मजा कुछ अलग तरीके से उठाया जाए और तय किया कि साइकिल चलाते हुए मुंबई से कन्याकुमारी तक जाएंगे। उनका मानना है कि इस तरह का अनुभव न केवल बच्चों को मोबाइल और अन्य गैजेट्स से दूर करेगा, बल्कि उनके पास भी बचपन की वह सब यादें होंगी, जैसी हमारे पास झूले झूलते हुए की हैं। वह देख रहे हैं कि आजकल के बच्चे कैरम, शतरंज या सांप-सीढ़ी जैसे खेल भी मोबाइल पर खेलते हैं।

स्थानीय सरकारी अस्पताल में काम करने वाले प्रवीण ने जब अपनी बेटी से ये आइडिया शेयर किया, तो वो तुरंत तैयार हो गई। चूंकि अर्नव भी नियमित साइकिल चलाता है, ऐसे में जब उन्होंने अर्नव के माता-पिता को ये आइडिया बताया, तो वे भी राजी हो गए। तीनों ने 2 मई को मुंबई से यात्रा शुरू की और कोंकण होते हुए धीरे-धीरे दक्षिण की ओर बढ़ते हुए लगभग 100 किमी प्रतिदिन की दूरी तय करते हुए दो सप्ताह में कन्याकुमारी पहुंचे।

बच्चों ने इस यात्रा से क्या सीखा? 1. योजना बनाना। उन्होंने यात्रा में वो सभी जरूरी चीजें ली, जो इस भीषण गर्मी में काम आ सकती थीं, पर वजन में हल्की हो। पानी की बोतल, पोषण के लिए सूखे मेवे, चिक्की, स्नैक्स आदि। 2. अनुशासन। चूंकि ट्रैफिक कोई बड़ी समस्या है, ऐसे में प्रवीण ने टीम के लिए एक नियम बनाया- तीनों एक के पीछे एक साइकिल चलाएं और एक-दूसरे से दूरी ज्यादा न हो ताकि जोर से आवाज लगाकर सुना जा सके। ताकि ध्यान हमेशा सड़क पर रहे, न कि बातचीत पर। 3. वर्तमान में रहना।

उन्होंने रेस्तरां का चयन सावधानीपूर्वक किया ताकि रास्ते में बीमार न पड़ें। भोजन हल्का और पौष्टिक रखा। केले हमेशा हाथ में होते थे, जिससे बच्चों ने सीखा कि स्वस्थ भोजन क्या होता है और शरीर पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने ये भी समझा कि कौन-सा फूड शरीर के लिए अच्छा है और कौन-सा नहीं। 4. शरीर की सुनना।

**जबकि पीटर ने कहा, मैं न तो गुस्से में हूं और न मन में कड़वाहट है। मुझे इस दुनिया में मिले अस्तित्व का अधिकतम लाभ उठाना है। न्याय में देरी का ऐसा ही एक मामला, इस सोमवार को चेन्नई में भी सामने आया। चेन्नई नगर निगम परिवहन विभाग के ड्राइवर डी. प्रसाद ने 27 जून 2012 को ड्यूटी में सौंपी पांच ट्रिप पूरी कीं और बस में खराबी का कहकर बस डिपो में खड़ी कर दी। बाद में उन्हें एक अन्य बस सौंपी गई, जिसमें भी खराबी थी- इसका स्टीयरिंग व्हील क्षतिग्रस्त था और ड्राइवर की सीट भी टूटी थी।**

चूंकि उन्होंने विभिन्न तापमान वाले इलाकों से यात्रा की, जिससे उनके शरीर ने भी प्रतिक्रिया दी। जब उन्हें लगा कि बहुत थकान हो रही है या बहुत गर्मी है, तो उन्होंने लंबा ब्रेक लिया और जब शरीर गर्मी सहने के लिए तैयार था, तो फिर से साइकिल चलाना शुरू किया। 5. सराहना को हैंडल करना सीखा। इन युवा साइकिलिस्ट के बारे में जानकर और देखकर राह चलते लोग भी चौंक रहे थे। प्रवीण का मानना है कि असली शो-स्टॉपर तो बच्चे ही थे। कुछ ने उन्हें रोका और सवालों की बौछार की; तो कुछ ने सेल्फी ली। एक जगह पर तो एक परिवार उनके नाश्ते का बिल चुकाने पर जोर दे रहा था जबकि कुछ ने उनके प्रयास को सलाम किया। तमिलनाडु में एक अजनबी ने उन्हें अपने घर पर आराम करने के लिए भी आमंत्रित किया।

वे लोग 14 दिनों में कन्याकुमारी पहुंचे। सोमवार को उन्होंने अपनी वापसी यात्रा शुरू की और दोनों तरफ को मिलाकर लगभग 3,300 किमी की दूरी पूरी करेंगे। मुझे यकीन है कि ऐसी यात्राएं बच्चों के लिए सबसे यादगार साबित होंगी और वापस लौटने पर उनके पास साझा करने के लिए सैकड़ों कहानियां होंगी। आज के समय में, जहां इंटरनेट की लत और स्क्रीन-निर्भरता बच्चों और किशोरों के लिए एक बड़ी चिंता है, विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ह्लबोरियत को भी सेलिब्रेट करें!ह्व हां। अगली बार जब आपका बच्चा गर्मी की छुट्टियों में बोर होने की शिकायत करे, तो जमकर सेलिब्रेट करें और अपने बच्चे से कहें, ह्लये बढ़िया है!

बोरियत आपके दिमाग को कुछ रचनात्मक बनने के लिए प्रेरित करती है!ह्व हमें हर चीज तयशुदा तरीके से करने की जरूरत नहीं। कुछ नहीं करना भी अच्छा है। नए अनुभव चाहते हैं, तो बिल्कुल गैर-नियोजित या पैटर्न तोड़कर पूरी तरह कुछ नया ट्राय करो। फंडा यह है कि बोरियत अस्थायी अवस्था है और इसका संकेत है कि अब हम स्क्रीन से परे जाकर कुछ नया अनुभव करने वाले हैं। बच्चों को कुछ ऐसा करने के लिए लेकर जाएं, जैसा ऊपर के उदाहरण में बच्चों ने किया और फिर देखें कि यह कैसे आपके बच्चों को प्रेरणा से भर देता है।

## संत वचन

मसीह में प्यारे भाइयों और बहनों, आज जब हम सबने पवित्र शास्त्र के वचनों को सुना, तो हम सभी को याद दिलाया गया कि हम में से हर एक को ईसाई होने के नाते, परमेश्वर के पवित्र और प्रिय लोगों के रूप में, अपने प्यारे परमेश्वर और उद्धारकर्ता, प्रभु की शिक्षाओं का पूरे दिल से पालन करना जारी रखना चाहिए, जिन्होंने अपने पुत्र, यीशु मसीह के माध्यम से हमारे प्रति अपना प्रेम प्रकट किया है, अपने प्रेम को हमारे प्रति पूर्ण रूप से और उस तरीके से प्रकट किया है जो हमारे लिए मूर्त और सुलभ है, ताकि हम उनके प्रेम और उद्धार से लाभान्वित हो सकें, और हम अपने जीवन की यात्रा में उनके हमेशा धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन और सहायता के बारे में अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई,

# नहीं घटी महंगाई

**एडिट.नोट**

महंगाई को लेकर आंकड़े चिंता कम करने की कोशिश में हैं, लेकिन इकॉनमी के रिश्ते फैले हुए हैं। एक को मनाओ तो दूजा रूठ जाता है। आम आदमी आज भी पूछता है कि महंगाई कहां कम हो रही है? अगर कम हो रही होती तो दूध के दाम कम होते, पेट्रोल और डीजल के दाम भी कम होते। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल में रिटेल बाजार में महंगाई की दर पिछले करीब 6 साल में सबसे कम है। थोक बाजार में भी ये करीब साल भर के निचले स्तर पर है। पिछले दो साल के दौरान थोक बाजार को लेकर चिंता नहीं रही। या तो वहां दाम घट रहे थे या फिर बेहद मामूली बढ़ोतरी हो रही थी। दूसरी तरफ रिटेल बाजार में महंगाई यह बताती है कि बाजार के सिस्टम में मिडलमैन का क्या रोल है। बहरहाल, पिछले साल सब्जियों की महंगाई 30% तक पहुंच गई थी। अब कीमतों में लगभग 11% की गिरावट देखी गई। पिछले साल जब महंगाई दर खतरनाक स्तर पर थी, तब आवश्यक खाद्य वस्तुओं के स्टॉक को बढ़ाया गया। इसे खुले बाजार में रिलीज भी किया गया, तब जाकर हालात काबू में दिखे। महंगाई दर कम होने से पॉलिसी तय करने वालों का भी सिरदर्द कम हुआ है। रिजर्व बैंक चाहता है कि महंगाई दर 2% से कम न हो और 6% से ज्यादा न हो। वह ब्याज दरों में कमी या बढ़ोतरी कर इसे कंट्रोल करने की कोशिश करता है। हाल में महंगाई कम होती देख रिजर्व बैंक ने लगातार दो बार ब्याज दरों में कटौती की थी। अब जून और अगस्त में फिर से ब्याज दरों में कटौती करने का माहौल बन रहा है। हालांकि इससे पहले ऋडढ ग्रोथ का डेटा देखना होगा, जो इस महीने के अंत में जारी होगा। ब्याज दरों में कटौती से उम्मीद बंधती है कि इससे आम लोगों के हाथ में पैसा आएगा। बाजार में खपत बढ़ेगी। लेकिन आम घरों में कर्ज की ऊंची दर ने हाथ बांध दिए हैं। कॉरपोरेट कमाई के जो ताजा आंकड़े आए हैं, वे दबाव में ही दिखते हैं। कंपनियां अब भी कच्चे माल के दाम ऊंचे बता रही हैं। दूध के दाम लगातार बढ़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की खपत में पिछले कुछ समय के दौरान बेहतरी तो देखी गई, लेकिन शहरी क्षेत्रों के लोग सतर्क रुख अपना रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में आगे खपत कैसी रहेगी, इसमें मॉनसून का बड़ा रोल होगा। इस साल मॉनसून की अच्छी बारिश की उम्मीद है। शहरी क्षेत्रों के लिए उम्मीद है कि टैक्स के मोर्चे पर जो राहत दी गई है, उसका आने वाले महीनों के दौरान असर दिखेगा। आठवें वेतन आयोग पर अमल से भी खपत बढ़ने की उम्मीद है। पेट्रोल और डीजल के दाम घटाकर भी आम लोगों को राहत दी जा सकती है। कच्चे तेल के दाम घटने के बावजूद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती नहीं हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां इसके लिए तैयार नहीं हैं। कच्चे तेल का दाम कम होने पर सरकार ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी भी बढ़ा दी थी, ताकि कुछ कमाई की जा सके। पिछले तीन वर्षों में ईंधन की कीमतों में बदलाव लगभग नहीं के बराबर है, जबकि इस अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में 42% की गिरावट आई है। पेट्रोल और डीजल के दाम डायनैमिक आधार पर नियमित रूप से बदलने का फैसला किया गया था, उस फैसले का क्या हुआ, यह किसी की समझ में नहीं आ रहा।

ये केवल मित्रवत राजधानियां ही नहीं, ये वैश्विक प्रभाव के केंद्र भी हैं। ब्रुकिंग्स, चैथम हाउस, कानेर्गी एंडोमेंट और सीएसआईएस जैसे अग्रणी थिंक टैंकों में भारत की उपस्थिति भी दीर्घकालिक विदेश नीति को आकार देगी। भारत को स्पष्ट रूप से कहना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर विजय के लिए लड़ा गया युद्ध नहीं था, बल्कि गंभीर उकसावे के जवाब में एक सुनियोजित सैन्य कार्रवाई थी। दौर में धारणाओं के युद्ध का भी बड़ा महत्व है और वास्तविक युद्ध में जीत के साथ ही कूटनीतिक स्पष्टता और नैरेटिव का प्रभुत्व भी जरूरी है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एक बेहतरीन कूटनीति और अच्छी शासन-कला है।

**रश्मि बंसल - लेखक**

# सपनों की साइकल पर सफर करें, सचमुच सफलता मिलेगी

सीबीएसई क्लास 12 के रिजल्ट निकल गए हैं। आगे क्या करना है बेटा, सब पूछ रहे हैं। कुछ बच्चों को आईआईटी वगैरह में एडमिशन मिल जाएगा, बाकी कहां जाएंगे? वो ऐसे कॉलेज में जाएंगे, जहां कोई खास पढ़ाई नहीं होती। जहां की डिग्री की कोई वैल्यू नहीं। वैसे एआई के जमाने में अब कुछ कहा नहीं जा सकता। किसी भी डिग्री की लाइफलॉन्ग वैल्यू शायद ही रहे। हाल ही में आईआईएम अहमदाबाद के एक विद्यार्थी ने चैटजीपीटी से अपना असाइनमेंट किया और उसे ए ग्रेड प्राप्त हुआ। बाद में उसने इस बात का खुलासा किया कि मैं तो बस देखना चाहता था कि नतीजा क्या होगा।

वैसे ₹चीटिंग' तो जमाने भर से होती आ रही है। पहले लोग चिट पास करते थे, अब वो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। चीट करने वाले को बड़ा आनंद आता है कि देखो मैने एग्जामिनर को कैसे बुद्धू बनाया। मगर क्या यह करते-करते आप खुद बुद्धू नहीं रह गए? आलस इंसान का दुश्मन है। मगर ये भी सच है कि कॉलेज का सिलेबस काफी बोरिंग है और पुराना भी। दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है पर वही घिसी-पिटी चीजें सिखाई जा रही हैं। विद्यार्थी सोचता है- ये पढ़कर मुझे क्या फायदा? यूनिवर्सिटी के पास कोई जवाब नहीं।

आम आदमी श्योरिटी चाहता है कि फलां-फलां करके जिंदगी ₹सेट' हो जाएगी। स्कूल-कॉलेज में यह मुमकिन है। लेकिन जीवन का एग्जाम इतना सीधा सरल नहीं। उसमें तो ज्यादातर सवाल ₹आउट ऑफ सिलेबस' ही आते हैं। क्योंकि कल क्या होगा, किसी को पता नहीं। कहा जा रहा कि एआई की वजह से 2-4 साल के अंदर बहुत सारे जॉब्स गायब हो जाएंगे। चाहे प्रोग्रामर हो या कंसल्टेंट, वो जो काम कर रहे थे, अब मशीन करेगी। यहां तक कि ड्राइवर के बिना चलने वाली कारें भी अब आ रही हैं। उन हजारों-लाखों लोगों का क्या होगा, जिनकी रोजी-रोटी चली जाएगी? आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है एक दिन मशीन हमारे लिए काम करेंगी और हम आराम करेंगे। सरकार हर किसी को ₹निश्चित राशि' देगी, जिससे आपको काम करने की जरूरत नहीं। आज समय कीमती है, पता नहीं चलता कहां गया। लेकिन अगर आपके पास अपार समय होता तो क्या करते? उफ्फ, ये ख्याली पुलाव हैं। जो हो ही नहीं सकता, उसके सपने क्यों देखूं? यही तो समस्या है। आप वर्तमान के दलदल में ऐसे फंसे हो कि इससे बेहतर दुनिया आप मन में भी नहीं रचा सकते। सपने देखना आपका जन्मसिद्ध अधिकार है, हक से देखिए। दुनिया में जितनी उन्नति हुई है, वो कभी एक सपना था, किसी के दिमाग में। आजाद होने का सपना, धनवान होने का सपना, कुछ कर दिखाने का सपना। चाहे सपने का आकार-प्रकार नहीं, पर उसमें शक्ति अपार है। लोग सड़क पर चल रहे हैं, सपना देखने वाले के पास साइकल है। उस साइकल को चलाने के लिए जोर तो लगेगा, पसीना छूटेगा, थकान होगी। लेकिन सपना आपके मन के परदे पर आकर फिर जोश देगा। टायर पंक्चर होगा, एक्सीडेंट भी हो सकता है। जब ऐसा लगेगा कि आगे बढ़ना नामुमकिन, कोई अनजान आकर मदद करेगा।

गूगल पर सर्च कीजिए- ₹द हीरोज जर्नी', जिसमें 12 पड़ाव आते हैं। चाहे महाभारत का किरदार हो या आज का जीता-जागता इंसान, यह फॉमूर्ला उस पर लागू होता है जो सपना देखता है। जो कोई बड़ा चैलेंज स्वीकार करता है। जो अपने नसीब को ललकारता है। तो अगर आपके नंबर कम आए, ₹अच्छे कॉलेज' में एडमिशन नहीं मिला, कोई बात नहीं। आप सपना देखो कि मैं एकलव्य की तरह अर्जुन जितना होशियार बनूंगा। आज इंटरनेट द्रोणाचार्य से कम नहीं। सीखने की चाह जिसे हो, उसे संसार का समस्त ज्ञान मिल सकता है। हां, दुनिया बदलेगी, उसे कोई रोक नहीं सकता। पर जीत उसकी होगी, जो समय के साथ बदलने को तैयार है। जो आउट ऑफ सिलेबस एग्जाम से नहीं डरता, जो अपने ही रास्ते पर है चलता। जिसने अपने अंदर आत्मविश्वास जगा लिया, उसने डिग्री से बेहतर कुछ पा लिया। सपनों की साइकल पर सफर कीजिए, आपको सचमुच सफलता मिलेगी।

## बिजनेस

# पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बीच अपना तेल भंडार बढ़ाने की तैयारी है भारत




**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इससे भारत और पाकिस्तान के बीच करीब 100 घंटे तक तनातनी की स्थिति रही। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच सीजफायर हो गया है। इस बीच भारत तेजी से अपने कच्चे तेल के भंडार को बढ़ाने में लगा है। इस समय कच्चे तेल की कीमत चार साल के निचले स्तर पर है और भारत इस स्थिति का फायदा उठाते हुए अधिक से अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर रहा है।

मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व की कैपेसिटी 53 लाख टन की है जो देश की 9.5 दिन की कच्चे तेल की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। लेकिन अक्तूबर 2024 तक भारत के पास अंडरग्राउंड फैसिलिटीज में केवल 39 लाख टन कच्चा तेल था। यानी देश के पास क्षमता से बहुत कम तेल है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार अब अपना भंडार भरने की कोशिश में लगी है। ब्रेंट क्रूड इस समय चार साल के न्यूनतम स्तर पर है।एक अधिकारी ने कहा कि यह रिजर्व बढ़ाने का सही समय है क्योंकि कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट आई है। इससे भारत को विदेशी मुद्रा की काफी बचत होगी। सरकार तेजी से तेल खरीदने की व्यवस्था पर भी काम कर रही है। देश में कच्चे तेल की खरीद और स्टोरेज की जिम्मेदारी इंडियन स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (क्रढफ्छ) की है। कई बार सरकारी कंपनियां भी इस काम में क्रढफ्छ की मदद करती हैं। सरकार तेल भंडार को भरने के साथ ही क्षमता का विस्तार भी चाहती है। भारत के लिए एनर्जी सिक्योरिटी बहुत अहम है क्योंकि वह अपनी जरूरत का 85% से अधिक कच्चा तेल और 55% गैस आयात करता है। कीमत में उतारचढ़ाव से देश के इम्पोर्ट बिल में भारी बदलाव आ सकता है। इससे महंगाई और ट्रेड डेफिसिट बढ़ता है। पाकिस्तान के साथ हाल में हुए संघर्ष के मद्देनजर देश स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व रिफिल करने की जरूरत महसूस की जा रही है। भारत ने मेंगलुरू,पैडूर और विशाखापतनम में स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व बना रखा है। अगर रिफाइनर्स और मार्केटिंग कंपनियों की कैपेसिटी भी जोड़ दी जाए तो भारत के पास 70-72 दिन की तेल इंवेंट्री है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी का बेंचमार्क 90 दिन का है।

**राज-काज**

### शादियों के सीजन में कम हुई सोने की चमक

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के बाजारों में जारी नरमी के चलते बुधवार को एक बार फिर सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 659 रुपये गिरकर 96,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले मंगलवार को सोने की कीमतों में 950 रुपये की बढ़त देखने को मिली थी। वहीं बुधवार को भी चांदी की कीमत 1,450 रुपये गिर गई।ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबारी सत्र में 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।बाजार विषेशज्ञों का कहना है कि जैसे-जैसे प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर रही हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में डंका बजाने वाली कंपनी का शेयर 52 हफ्ते के टॉप पर

**नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी हथियारों की प्रदर्शन शानदार रहा। इनमें से कई तरह के रक्षा साजोसामान को सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (इएछ) ने विकसित किया है। कंपनी के शेयरों में आज जबरदस्त उछाल देखने को मिली। बीएसई पर कंपनी का 4% से ज्यादा बढ़कर 379.90 रुपये पर पहुंच गया। यह इस शेयर का 52 हफ्ते का सबसे ऊंचा स्तर है। ब्रोकरेज फर्म नुवामा ने कंपनी के शेयर को 'इ४८' रेटिंग दी है। साथ ही इसका टारगेट प्राइस 385 रुपये से बढ़ाकर 430 रुपये कर दिया है। नुवामा का कहना है कि कंपनी ने चौथी तिमाही में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और आगे भी अच्छा करने की उम्मीद है।

नुवामा ने बताया कि बीईएल का चौथी तिमाही में मार्जिन 26.7% से बढ़कर 30.6% हो गया है। बाजार के जानकारों ने 24.7% मार्जिन का अनुमान लगाया था, लेकिन कंपनी ने उससे भी बेहतर प्रदर्शन किया। कंपनी के मैनेजमेंट को उम्मीद है कि राजस्व में 15% की वृद्धि होगी और ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 27% रहेगा। नुवामा का मानना है कि बीईएल के लिए खतरे कम और फायदे ज्यादा हैं। कंपनी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है, इसलिए इसके शेयर की रेटिंग और भी बढ़ सकती है।नुवामा ने यह भी कहा कि कंपनी को जो बड़े ऑर्डर मिले हैं, उन्हें समय पर पूरा करने और बेहतर तरीके से काम करने से रेटिंग को और भी सपोर्ट मिलेगा। बीईएल ने चौथी तिमाही में 2,127 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। पिछले साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 1,797 करोड़ रुपये था। यानी कंपनी के मुनाफे में 18% की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का रेवेन्यू 7% बढ़कर 9,150 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल इसी अवधि में यह 8,564 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,344.23 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल यह 8,789.51 करोड़ रुपये थी।

अगर पिछली तिमाही से तुलना करें, तो कंपनी के प्रॉफिट आफ्टर टैक्स में 62% की जबरदस्त उछाल आई है। तीसरी तिमाही में यह 1,312 करोड़ रुपये था। वहीं, रेवेन्यू में 59% की बढ़ोतरी हुई है, जो पिछली तिमाही में 5,771 करोड़ रुपये था। एइक्ळऊअ (अर्निंग्स बिफोर इंटरेस्ट, टैक्स, डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन) 23.2% बढ़कर 2,816 करोड़ रुपये हो गया है। मार्जिन भी पिछले साल के 26.7% से बढ़कर 30.8% हो गया है।

# ब्लू-चिप कंपनियों में निवेश करना है तो इस म्यूचुअल फंड पर लगा सकते हैं दांव

**मुंबई।** जब शेयर बाजार (ॅँशी टं१ी३) में कोहराम मचा था, जब अपना आईपीओ बाजार (क्ढड टं१ी३) भी सूना था। लेकिन शेयर बाजार में सुधार आने के बाद अब आईपीओ बाजार में नए इश्यू आने लगे हैं। इसी के साथ म्यूचुअल फंड बाजार में भी नए फंड ऑफर आने लगे हैं। आज ही निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड (ढस्त्रस्त्रङ्गल्ल क्ल्ल्रं ट४३४' ऋ४ल्ल्रं) ने पैसिव कैटेगरी (ढं२२्र५ी ऋ४ल्ल्रं) में एक नया फंड ऑफर (ठऋड) लॉन्च करने की घोषणा की है। निप्पॉन इंडिया बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स फंड इराए रील्लरी७ ठी७३ 30 क्ल्लीि७ ऋ४ल्ल्रं बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स की तरह होगा। यह ठऋड सब्सक्रिप्शन के लिए आज से खुल गया है। यह 4 जून, 2025 को बंद हो जाएगा।

शेयर बाजार में चाहे जो भी स्थिति हो, ब्लू-चिप कंपनियों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। हालांकि, इनमें से किन कंपनियों पर दांव लगाना चाहिए, यह आम निवेशक नहीं जान सकते। लेकिन म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर्स इस क्षेत्र के माहिर होते हैं, इसलिए उन्हें इसकी जानकारी होती है।बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं, जो बीएसई 100 का हिस्सा हैं लेकिन बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं। ये 30 कंपनियां ब्लू चिप हैं, जिनमें भविष्य में मदरबोर्ड बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। पिछले 10 सालों में 20 स्टॉक बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 से बीएसई सेंसेक्स में आगे बढ़े हैं। यह इंडेक्स कम प्रतिनिधित्व वाले लार्ज कैप को कवर करता है, जो एक ऐसा स्वीट स्पॉट है जिसे कोई अन्य इंडेक्स कैप्चर नहीं करता है।

बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 टीआरआई ने लगातार बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे यह ईटीएफ श्रेणी में एक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया है। पिछले पांच वर्षों में इंडेक्स ने 26% का सीएजीआर रिटर्न दिया, जबकि बीएसई सेंसेक्स ने 20.3% रिटर्न दिया। तीन वर्षों में भी नेक्स्ट 30 इंडेक्स ने 15.7% का रिटर्न दिया, जबकि सेंसेक्स ने 13.4% रिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स ने पिछले पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी नेक्स्ट 50 टीआरआई से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। एक तरह से कहा जाए कि बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 12 सेक्टरों में फैला एक अच्छी तरह से विविधतापूर्ण इंडेक्स है। इनमें जेएसडब्ल्यू स्टील, इंटरग्लोब एविएशन, ग्रासिम, ओएनजीसी, बजाज ऑटो, अडानी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज और विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं।



जयपुर के हवा महल में भीषण गर्मी के चलते लोग चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए धुंध छिड़कते वाहन के पास खड़े हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### भोपाल रेप-ब्लैकमेलिंग केस में बड़े आपराधिक गिरोह की आशंका

**भोपाल।** भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप और ब्लैकमेलिंग केस में नेशनल कमीशन फॉर वूमेन (NCW) की जांच समिति ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। महिला आयोग की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का कहना है कि आरोपियों ने छात्राओं को महंगे गिफ्ट और लग्जरी गाड़ियों का लालच देकर फंसाया। इसके बाद नशा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। आरोपियों ने पीड़िताओं को धमकाया भी कि वे अन्य छात्राओं को भी इनके चंगुल में फंसाए, वर्ना ये वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए जाएंगे। आयोग का कहना है कि इस मामले में सिर्फ यौन अपराध ही नहीं, बल्कि जबरन धर्म परिवर्तन और संगठित आपराधिक नेटवर्क की भी भूमिका सामने आ रही है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सीएम डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल को सौंपी है। इसमें पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। NCW की टीम में पूर्व आईपीएस अधिकारी निर्मल कौर, वकील निर्मला नायक और अंडर सेक्रेटरी आशुतोष पांडे शामिल थे। यह टीम 3 से 5 मई तक भोपाल दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने पीड़ित छात्राओं, उनके परिवारों, पुलिस अधिकारियों और कॉलेज प्रशासन से मुलाकात की।

### बस और कार की टक्कर, युवती सहित दो की मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पचमढ़ी निवासी युवती और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा नरेला के पंप के पास तेज रफ्तार बस और कार की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण हुआ। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि पचमढ़ी निवासी अश्विनी बागड़ी (25) अपने भाई के साथ बड़ी बहन से मिलने ट्रैवल्स की कार से बैरसिया आ रही थीं। सोमवार को जैसे ही उनकी कार नरेला के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार बस अचानक उनकी लेन में आ गई। कार चालक के पास संभलने का मौका नहीं था और भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने अश्विनी बागड़ी और कार चालक रोहन ठाकुर (22) को मृत घोषित कर दिया, जबकि अश्विनी के भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर मिलते ही अश्विनी की बहन मौके पर पहुंची। शवों को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। भोपाल के चूनाभट्टी इलाके में सोमवार रात एक और सड़क हादसा हुआ, जिसमें पीडब्ल्यूडी कर्मचारी हिमांशु जैन (35) की मौत हो गई।

### पत्नी 1 बॉयफ्रेंड 4, पति ने रो-रोकर बताई सच्चाई

**ग्वालियर।** ये पोस्टर नहीं, मेरे दिल का दर्द है! ये बात ग्वालियर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे एक पत्नी पीड़ित पति ने कलेक्टर से कही। हाथ में बड़ा पोस्टर लिए जनकपुरी इलाके के रहने वाले अमित सेन ने ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान को पोस्टर दिखाया, जिसे देख कलेक्टर भी हैरान रह गई, क्योंकि पोस्टर में पीड़ित पति अमित सेन ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पत्नी अब तक 4 बॉयफ्रेंड बना चुकी है। इन दिनों वह घर छोड़कर राहुल बाथम नाम के बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रही है। अमित का कहना है कि उसके बॉयफ्रेंड और पत्नी ने मिलकर बड़े बेटे हर्ष की भी हत्या करवा दी थी। वहीं छोटे बेटे को लेकर बॉयफ्रेंड के साथ रह रही है। जब उसने इसका विरोध किया तो उसका बॉयफ्रेंड उसकी हत्या करने की धमकी दे रहा है। अमित को आशंका है कि मेरठ में सौरभ ड्रम हत्याकांड की तरह उसका भी कत्ल हो सकता है। हाल ही में उसे शिकायत करने पर बंदूक की गोलियों से भूनने की धमकी भी दी गई है। पत्नी पीड़ित पति अमित सेन का यह भी कहना है कि जब वह नौकरी करता था, तब उसकी पत्नी उससे हर महीने रुपए लेकर शराब और सिगरेट की अय्याशी किया करती थी। इसके वीडियो भी उसके पास है।

सीएम कर सकते हैं दो फॉरेस्ट रिजर्व और दो सेंचुरी बनाने की घोषणा

# मंत्रालय में राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक आज

**संवाददाता ● भोपाल**

**बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में दो सेंचुरी और एक फॉरेस्ट रिजर्व (आरक्षित वन) बनाने को मंजूरी दे सकते हैं। मंत्रालय में यह बैठक शाम को होने वाली है। इसमें लोकमाता देवी अहिल्याबाई और डॉ राजेंद्र प्रसाद के नाम पर सेंचुरी घोषित की जा सकती है। उधर, वन विभाग ने मैहर और पांढुर्णा में दो नए डीएफओ कार्यालय बनाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

आज होने वाली बैठक में बालाघाट के सोनेवानी को फॉरेस्ट रिजर्व बनाने पर चर्चा के बाद सीएम यादव मंजूरी दे सकते हैं। इसके बाद वन अफसर यहां नए सिरे से वनीकरण की प्लानिंग करेंगे। इसके अलावा आज होने वाली बैठक में हरदा वन मंडल में डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंचुरी और इंदौर बड़वाह वनमंडल में लोकमाता देवी अहिल्या सेंचुरी को भी मंजूरी मिल सकती है। अहिल्याबाई सेंचुरी का क्षेत्रफल 66.10 वर्ग किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है। वहीं डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंचुरी का क्षेत्रफल 90.29 वर्ग किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा बैतूल



में ताप्ती फॉरेस्ट रिजर्व का प्रस्ताव भी फिर से चर्चा के लिए रखा जाएगा।

इसके पहले मार्च में हुई बैठक में देवास-खंडवा जिले के करीब 614.07 वर्ग किलोमीटर वन रकबे में ओंकारेश्वर वन्य जीव अभयारण्य और श्योपुर जिले के 6.328 वर्ग किलोमीटर वन रकबे में जहान गढ़ वन्य जीव अभयारण्य विकसित करने का फैसला लिया था। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार दृढ़ संकल्प के साथ वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव सहित जलीय जंतुओं के संरक्षण के लिए भी काम कर रही है।

100 दिनों तक प्रदेशभर में होगा आयोजन

# नि-क्षय अभियान में कार्य करने वाले होंगे राज्यपाल से सम्मानित

**संवाददाता ● भोपाल**

**आयोजन**

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सांदीपनि सभागार, राजभवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही प्रदेशव्यापी 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और पद्म भूषण डॉ। शिव कुमार सरीन, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे, जो कि 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ करने के उपरांत जिलाधिकारियों को प्रशिक्षित भी करेंगे।

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को जनभागीदारी से मजबूत करने एवं जन-जागरूकता के माध्यम से गंभीर रोगों की रोकथाम के लिए प्रदेश शासन द्वारा लगातार अभिनव पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान की सफलता के उपलक्ष में सम्मान समारोह तथा स्वस्थ यकृत मिशन के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश भर में क्षय (टीबी) रोग की पहचान, उपचार और जन-जागरूकता हेतु विशेष शिविर लगाए गए। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग, स्वैच्छिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिक समाज के सामूहिक प्रयास से लाखों नागरिकों को जांच एवं परामर्श की सुविधा मिली। सम्मान समारोह में अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिलों, स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मियों, स्वयंसेवकों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।



**बीमारियों के प्रति जागरूकता शिविर भी लगेंगे**

इस अवसर पर "स्वस्थ यकृत मिशन" की भी औपचारिक शुरुआत की जाएगी। यह मिशन राज्य सरकार की एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस बी/सी, फैटी लिवर, सिरोसिस जैसी यकृत संबंधी बीमारियों के प्रति जन-जागरुकता, शीघ्र पहचान, उपचार तथा रोकथाम सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग इस मिशन के तहत प्रदेशभर में स्क्रीनिंग शिविर, प्रशिक्षण, परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण की व्यवस्था करेगा। यह मिशन प्रदेश में यकृत स्वास्थ्य को लेकर एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सक, विशेषज्ञ, जिलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं विभिन्न हेल्थ पार्टनर्स उपस्थित रहेंगे।

मप्र में थाली, चम्मच के बाद एक और भ्रष्टाचार आया सामने

# मरे लोगों को बार-बार डंस रहा सांप!

**11 करोड़ से ज्यादा का मुआवजा घोटाला**

**संवाददाता ● सिवनी**

**घोटाला**

मध्य प्रदेश को यूं ही सबसे अजब-गजब नहीं कहा जाता है। यहां के घोटाले भी अजीबोगरीब होते हैं। हाल ही में चम्मच घोटाला, डामर घोटाला और नगर निगम कचरा घोटाले के साथ-साथ बिहार की तर्ज पर धान घोटाला चर्चा में आया था और अब सिवनी जिले में सर्पदंश घोटाला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। इस घोटाले में 47 मृत व्यक्तियों के नाम पर बार-बार फर्जी मृत्यु का दावा कर शासन की राशि का गबन किया गया। इस गबन की कुल राशि 11 करोड़ 26 लाख रुपये बताई जा रही है। इस घोटाले को एक नहीं बल्कि कई कर्मचारी और अधिकारियों ने मिलकर किया। आरोपी सचिव सहायक ने तहसील और जिला स्तर पर मौजूद अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से शासन के वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) को गुमराह किया। जांच में सामने आया है कि मृत व्यक्तियों के नाम पर बिना मृत्यु प्रमाण पत्र, पुलिस वेरिफिकेशन और पीएम रिपोर्ट के ही बिल पास किए जाते रहे।

बता दे कि सरकार सांपदंश से मौत पर 4 लाख रु का मुआवजा देती है।रमेश नाम के शख्स को 30 बार अलग-अलग दस्तावेजों में मृत बताया गया। वह भी हर बार सांप के काटने से। ऐसा करके भ्रष्ट अधिकारियों ने 1 करोड़ 20 लाख रुपये का गबन किया। इतना ही नहीं रामकुमार नाम के शख्स को सरकारी दस्तवाजों में भी 19 बार मरा हुआ दिखाया गया।यह घोटाला साल 2019 से शुरू हुआ और 2022 तक जारी रहा यानी कमलनाथ सरकार में शुरू हुआ भ्रष्टाचार का सिलसिला शिवराज सरकार तक चला।



**घोटाले से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

अभी तक इस पूरे मामले में सिर्फ एक ही गिरफ्तारी सहायक सचिव की ही हुई है, जबकि अन्य आरोपियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस घोटाले ने शासन की IFMS प्रणाली, तहसील प्रशासन और जिला कोषालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ही व्यक्ति को बार-बार मरा हुआ दिखाकर फर्जी बिल पास होते रहे और तीन स्तरों पर होने वाले बिल वेरिफिकेशन के बावजूद किसी को संदेह तक नहीं हुआ। जांच अधिकारी के मुताबिक मुख्य आरोपी ने अपने परिवार, दोस्तों और जान-पहचान वालों के खातों में राशि ट्रांसफर की। जांच रिपोर्ट में यह साफ हुआ कि शासन की राशि सीधे लाभार्थी खातों में न जाकर, निजी खातों में पहुंचाई गई। इससे साफ है कि यह गबन सुनियोजित और संगठित तरीके से किया गया। जबलपुर संभाग के वित्त विभाग की विशेष टीम द्वारा की गई जांच में यह खुलासा हुआ।

90 लाख की लूट और अब कहती है... पैसे नहीं हैं!

# मंदिर के नाम गबन करने वाली साध्वी को कोर्ट ने राहत नहीं

**संवाददाता ● छिंदवाड़ा**

श्रीराम-जानकी मंदिर, चौरई (लोनीकला) से जुड़ा 90 लाख रुपये के गबन का मामला अब और गंभीर होता जा रहा है। हाईकोर्ट ने आरोपी साध्वी लक्ष्मीदास (रीना रघुवंशी) की उस अर्जी को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिसमें उसने शर्त हटाने की मांग की थी। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा- आरोपी ने अदालत को गुमराह किया है, धोखाधड़ी की है, इसलिए राहत नहीं दी जा सकती। चौरई विकासखंड के लोनीकला गांव स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर के महंत स्व. कनक बिहारी दास महाराज का निधन 17 अप्रैल 2023 को नरसिंहपुर में एक



सड़क हादसे में हो गया था। कनक बिहारी दास न केवल मंदिर के प्रमुख थे, बल्कि रघुवंशी समाज के गुरु के तौर पर भी उन्हें श्रद्धा से देखा जाता था। उनके निधन के बाद, मंदिर और भक्तों की आस्था से जुड़े 90 लाख रुपये पर साध्वी लक्ष्मी दास और उसके भाई हर्ष रघुवंशी ने बुरी नजर डाल दी।

# 3 बच्चों की मां निलोफर चौंकाने वाला 'लव जिहाद'

**लोग ही नहीं पुलिस भी हैरान**

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 'लव जिहाद' का एक ऐसा हैरान कर देने वाला और अनोखा मामला सामने आया है, जिसने सबको चौंका दिया है। आमतौर पर लव जिहाद के मामलों में दूसरे धर्म का युवक अपनी पहचान छिपाकर किसी युवती को प्रेमजाल में फंसाता है, लेकिन इस बार मामला बिल्कुल विपरीत है। यहां एक मुस्लिम महिला ने अपनी असली पहचान और धर्म छिपाकर एक हिंदू युवक को न केवल प्यार के जाल में फंसाया, बल्कि शादी करने के बाद अब उस पर धर्म परिवर्तन और अपने तीन बच्चों का पिता बनने का भी दबाव बनाया है। इस मामले ने भोपाल पुलिस के साथ-साथ आम जनता को भी सकते में डाल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल



के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। युवक ने बताया कि उसकी दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक पर 'श्रेया' नाम की एक युवती से हुई थी। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच चैटिंग शुरू हुई, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ी और जल्द ही यह दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक 'श्रेया' पर पूरा भरोसा करने लगा था। पीड़ित युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि दोस्ती और प्यार के इस जाल में फंसाने के बाद 'श्रेया' ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने युवक को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और इसी धमकी के दबाव में आकर युवक को आर्य समाज मंदिर में 'श्रेया' से शादी करनी पड़ी। युवक ने सोचा कि उसने अपनी प्रेमिका से शादी कर ली है और अब सब ठीक हो जाएगा, लेकिन उसे अंदाजा भी नहीं था कि आगे क्या होने वाला है। शादी के कुछ दिनों बाद ही युवक को उस वक्त जबरदस्त झटका लगा, जब उसे 'श्रेया' की असली पहचान का पता चला। उसे मालूम हुआ कि जिस युवती से उसने शादी की है, वह वास्तव में 'श्रेया' नहीं, बल्कि 'निलोफर' नाम की एक मुस्लिम महिला है। निलोफर ने अपनी असली पहचान और धर्म छिपाकर युवक को धोखे से प्यार के जाल में फंसाया और उससे शादी कर ली। यह खुलासा होते ही युवक के पैरों तले जमीन खिसक गई। मामला यहीं खत्म नहीं हुआ।

लुटेरी दुल्हन का एक शादी का चार्ज 50 हजार रुपए

# 23 वर्ष की दुल्हन ने 25 बार की शादी, हर बार सुहागरात पर कांड कर फरार

**राजस्थान के सवाई माधोपुर में विष्णु शर्मा और उनके परिवार को धोखा देने के बाद वह कुछ समय से भोपाल में रह रही थी।**

**संवाददाता ● भोपाल**

**आरोप**

पुलिस ने भोपाल से 23 वर्ष की एक शातिर दुल्हनिया को गिरफ्तार किया है। इस दुल्हन पर आरोप है कि उसने शादी के बहाने लगभग 25 पुरुषों को ठगा। महिला की पहचान अनुराधा पासवान के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज की रहने वाली है। राजस्थान के सवाई माधोपुर में विष्णु शर्मा और उनके परिवार को धोखा देने के बाद वह कुछ समय से भोपाल में रह रही थी।

सवाई माधोपुर के मानटाउन पुलिस स्टेशन के अनुसार, विष्णु शर्मा सवाई माधोपुर में ठेला चलाते हैं। उम्र बीती जा रही थी लेकिन उनकी शादी नहीं हो पा रही थी। वह शादी करना चाहते थे। तभी पप्पू मीणा नाम का एक व्यक्ति उनके संपर्क में आया। उसने उन्हें अनुराधा की तस्वीर दिखाई। विष्णु शर्मा ने बताया- मीणा लड़कियों को मैचमेकिंग के लिए एक स्थानीय पार्क में लाता था। वहीं उनकी मुलाकात अनुराधा से हुई और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। यह शादी 19 अप्रैल को स्थानीय अदालत में हुई थी। विष्णु शर्मा ने बताया- मैंने मीणा को 2 लाख रुपये नकद दिए थे, जिसमें उधार लिए गए पैसे भी शामिल थे। पप्पू मीणा ने ही यह रिश्ता तय करवाया था। शादी के बाद मैं और अनुराधा पति-पत्नी के रूप में साथ रहने लगे। विष्णु शर्मा ने बताया- गिरोह के सदस्य शादी के 5-7 दिनों के भीतर आधी रात को अनुराध को उठा ले जाते थे। विष्णु शर्मा ने आगे बताया- हालांकि, मेरा फास्ट-फूड का ठेला है और इसलिए मैं रात 10।30 बजे तक ही लौट पाता था। फिर खाना खाता था और आधी रात के बाद तक टेलीविजन देखता था। इस दौरान कोई न कोई देर रात तक जागता रहता था। इसलिए हमें धोखा देने में उसे 13 दिन लग गए। 2 मई को, अनुराधा ने हमें खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। हमने छोले-भटूरे बनाए थे लेकिन मुझे शक है कि उसने पानी में कुछ मिलाया था। उस रात भी मैंने उससे पूछा था कि मेरी आंखें इतनी भारी क्यों लग रही हैं। तब वो थोड़ा अजीब व्यवहार कर रही थी। इसके बाद मैं सो गया। पुलिस को विष्णु ने बताया- जब मैं अगली सुबह जागा तो पता चला कि वह गहने, नकदी और एक मोबाइल फोन लेकर घर से भाग गई है।



**कांस्टेबल की शादी की बात की**

सहायक उप-निरीक्षक ने बताया कि 3 मई को विभिन्न धाराओं के तहत दुल्हन के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी, जिसमें धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। हमने मैरिज एग्रीमेंट देखा, जिसमें उसका पता लिखा था और भोपाल में उस जगह पहुंचे। हमें पता चला कि उसके द्वारा दिया गया पता झूठा था। हमारी टीम ने उसे ढूंढने की कोशिश करने के लिए भोपाल में ही रुकने का फैसला किया। हमने टैक्सी ड्राइवरों और स्थानीय लोगों आदि से बात की। उन्हें बताया कि हम एक व्यक्ति जो हमारी टीम का एक कांस्टेबल है, उसकी शादी करवाना चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने हमें कुछ ऐसे लोगों के बारे में बताया जो शादियां तय करवाते थे।

**25 बार शादी कर चुकी है दुल्हन**

उन्होंने बताया- हमारी टीम जांच के तहत चार दिनों तक भोपाल में रुकी रही और आखिरकार जब कोई अनुराधा की तस्वीर लेकर आया तो हमें धैर्य का फल मिला। यह तस्वीर विष्णु शर्मा के साथ हुए शादी के समझौते वाली तस्वीर से मेल खाती थी। फिर हमने उसे घेर लिया। वह भोपाल के पास कालापीपल में एक गब्बर नाम के व्यक्ति के साथ रह रही थी, जिससे उसने लगभग पांच-सात दिन पहले ही शादी की थी और उसे भी ठगने की योजना बना रही थी। पुलिस ने कहा कि पूछताछ करने पर उसने और उसके एजेंटों ने कबूल किया कि वह अब तक लगभग 25 बार शादी कर चुकी है।

# मन्नारा चोपड़ा-अभिषेक कुमार की दोस्ती में पड़ी दरार

### सोशल मीडिया पर एक दूसरे को अनफॉलो किया, फैंस को लगा झटका



बिग बॉस 17' से सुर्खियां बटोरने वाले एक्टर अभिषेक कुमार इन दिनों कलर्स टीवी के 'लाफ्टर शेफ 2' में नजर आ रहे हैं। अभिषेक के साथ-साथ शो में एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा की भी एंट्री हुई थी, हालांकि मन्नारा चोपड़ा ने शो छोड़ दिया है। इस शो में मन्नारा चोपड़ा भले ही सुदेश लहरी के साथ थीं, लेकिन शो में उनकी और अभिषेक कुमार की बॉन्डिंग को खूब पसंद किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अब अभिषेक और मन्नारा चोपड़ा की दोस्ती में दरार पड़ चुकी है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। बता दें कि अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा इंस्टाग्राम फॉलोइंग लिस्ट से गायब नजर आ रहे हैं। इससे इस बात का कयास लगाया जा रहा है कि दोनों की दोस्ती में अब दरार पड़ पड़ गई है। इससे दोनों के फैंस को झटका लगा है। दोनों को लेकर फैंस सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है- वो दोस्त हैं, दोस्तों के बीच गलतफहमी हुई है, सब अच्छा होगा। उम्मीद करते हैं कि जल्दी सब अच्छा हो। दूसरे यूजर ने लिखा है- दोस्तों में बहुत बार गलतफहमियां होती हैं। ये आम बात है। सब चीजें जल्दी ठीक हो जाएंगी। हालांकि इस मामले में हालांकि, इस मामले पर अभी तक अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा 'बिग बॉस 17' के अलावा एक म्यूजिक वीडियो 'सांवरे' में भी नजर आ चुके हैं। 'लाफ्टर शेफ 2' में भी दोनों की बॉन्डिंग को खूब पसंद किया जा रहा था। हालांकि अपने कुछ निजी कारणों से मन्नारा चोपड़ा ने शो छोड़ दिया है। मन्नारा ने कहा था कि कुछ पिछली कमिटमेंट्स के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा था।



# कान्स में फटे कपड़े पहनने के बाद उर्वशी रौतेला ने दी सफाई

### 70 साल की औरत की जान बचाने के बदले...

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला को हाल ही कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऊप्स मोमेंट का शिकार होना पड़ा। अब इस मसले पर एक्ट्रेस की सफाई आई है और उन्होंने बताया है कि कैसे उनका गाउन फट गया था। उर्वशी ने कान्स 2025 में अपने साथ हुए वार्डरोब मालफंक्शन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि एक बुजुर्ग महिला से उनकी कार की टक्कर होने वाली थी तो उन्हें बचाने के लिए उनकी कार अचानक रुक गई, जिसके बाद उनका गाउन फट गया। आईएएनएस से बात करते हुए, उर्वशी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने 'ऊप्स मोमेंट' के पीछे की एक कहानी शेयर की। उन्होंने बताया कि इवेंट के लिए जाते समय, एक 70 साल की महिला सड़क पार कर रही थीं जिन्हें बचाने के लिए उनकी गाड़ी अचानक रुक गई। ड्राइवर की सूझबूझ के कारण, दुर्घटना टल गई-लेकिन अचानक झटके के कारण उनका गाउन साइड से फट गया। उन्होंने शेयर किया- 'मेरे प्यारे फैंस, मैं एक ऐसी कहानी शेयर करना चाहती हूं जिसने हमारे रेड कार्पेट के सफर को फिर से परिभाषित किया। जैसे ही हम इवेंट की ओर बढ़ रहे थे, हमारी कार अचानक रुकी क्योंकि 70 साल की एक बुजुर्ग महिला हमारे रास्ते में आ गई। उन्हें बचाने के लिए हमारे ड्राइवर ने तुरंत कदम उठाया और उन्हें बचाया और इसकी कीमत मेरे गाउन ने चुकाई। मुझे अपना नुकसान नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा ज्यादा जरूरी लगी। एक ऐसी कहानी के साथ रेड कार्पेट पर चलने का मौका मुझे मिला, जिसके लिए मैं आभारी हूं और ये कहानी बताने लायक है।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'मैंने इस कहानी को फटे हुए कपड़े की नहीं बल्कि एक अटूट भावना और अपने देश के लिए चमकने की प्रतिबद्धता की कहानी के रूप में चुना है। भाग्य साहसी लोगों का साथ देता है, और मैंने उस रेड कार्पेट पर कदम रखने का फैसला किया, परिस्थितियों का शिकार नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प की रानी के रूप में। हम एक बची हुई जिंदगी का जश्न मनाते हैं। आइए उन प्राथमिकताओं के लिए टोस्ट उठाएं जो किसी भी स्पॉटलाइट को मात देती हैं।' 18 मई को उर्वशी रौतेला ने ब्राजीलियन फिल्म ओ एजेन्टे सेक्रेटो की स्क्रीनिंग में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने एक काले रंग की गाउन पहना था। जैसे ही उन्होंने कैमरे की तरफ हाथ हिलाने के लिए हाथ उठाया, उसके अंडरआर्म के पास एक फटा हुआ हिस्सा दिखाई दिया। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत इस ओर ध्यान दिलाया, जिसके बाद ऑनलाइन रिएक्शन की झड़ी लग गई।

# सिंगर नेहा भसिन ने पकड़ी नेंसी त्यागी की चोरी




### कहा था- 1 महीने में ड्रेस खुद बनाई, सिंगर ने

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर नैंसी त्यागी इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल में पहुंचकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में नैंसी ने कांस रेड कार्पेट पर बीज कलर ड्रेस पहनी थी। नैंसी का दावा है कि ये उनकी मां का पसंदीदा रंग है और उन्होंने इस ड्रेस को 1 महीने की कड़ी मेहनत से तैयार किया है। हालांकि सिंगर नेहा भसिन की मानें तो नैंसी ने ड्रेस खुद नहीं बनाई, बल्कि वो एक डिजाइनर ड्रेस है, जो वो खुद भी अपने कॉन्सर्ट में पहन चुकी हैं। नैंसी ने कांस रेड कार्पेट से एक रोज गोल्ड हैवी वर्क ड्रेस पहनकर कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके साथ उन्होंने लिखा था, ये कलर मेरी मम्मी का फेवरेट है, इसलिए इस बार डिसाइड किया कि इसी कलर में ड्रेस डिजाइन करूं। इसे बनाने में पूरा एक महीना लगा और मैं आखिरी मूमेंट तक तैयारी में लगी रही, क्योंकि ड्रेस काफी हैवी थी। दिल से शुक्रिया उन सभी का जो इस प्यारी जर्नी का एक हिस्सा रहे। आप सबके बिना ये मूमेंट वापस इतना स्पेशल नहीं होता। नैंसी की पोस्ट सामने आते ही नेहा भसिन ने उनकी चोरी पकड़ ली और अपने ऑफिशियल अकाउंट से पुराने कॉन्सर्ट की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उन्होंने वही ड्रेस पहनी थी, जिसे नैंसी अपनी बता रही हैं। इसके साथ उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, ये कोरसेट काफी मिलता-जुलता लग रहा है न। नेहा के खुलासे के बाद से ही नैंसी त्यागी पर दूसरे डिजाइनर्स की ड्रेस को अपना बताने के आरोप लग रहे हैं। उनकी आलोचना के बीच नेहा भसिन ने फिर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा है कि वो किसी को नीचा नहीं दिखाना चाहती थीं।

## क्रिकेटर के साथ इंटरनेट पर वायरल हुई फेक फोटो



एक्ट्रेस और पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा की हाल ही में एक तस्वीर वायरल हुई थी। जिसमें वो राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को गले लगाती नजर आ रही हैं। अब इसे लेकर प्रीति जिंटा ने चुप्पी तोड़ते हुए तस्वीर को फर्जी बताया है। प्रीति जिंटा ने X पर लिखा है- यह तस्वीर एकदम फर्जी है, मैं हैरान हैं कि न्यूज चैनल्स भी ऐसी फर्जी तस्वीरें दिखा रहे हैं। ऐसी फर्जी इमेज को न्यूज आइटम बनाकर परोस रहे हैं। यह तस्वीर मॉर्फ की गई है और इसके पीछे कुछ न्यूज चैनल्स का हाथ है। दरअसल, 18 मई को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मैच के बाद प्रीति जिंटा ने वैभव सूर्यवंशी से हाथ मिलाया था। वह तस्वीर राजस्थान रॉयल्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर भी की गई, लेकिन उसे मॉर्फ करके इंटरनेट पर वायरल कर दिया गया। बता दें कि वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक 6 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 32.50 की औसत से 195 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतकीय पारी भी खेली, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है।



# कान्स 2025 में जाह्नवी कपूर का लुक देख याद आई श्रीदेवी

## पिंक कॉर्सेट से नहीं हटेंगी नजरें


जाह्नवी कपूर ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपनी शानदार शुरुआत से हर किसी को हैरान कर दिया है। मंगलवार को अपनी फिल्म होमबाउंड के प्रीमियर के लिए रेड कार्पेट पर उतरीं जाह्नवी ने डिजाइनर तरुण ताहिलियानी के स्पेशल आउटफिट से रेड कार्पेट पर सुर्खियां बटोरीं। इस आउटफिट में के जरिए एक्ट्रेस ने भारतीय रॉयल्टी की झलक मंच पर पेश की है। इस लुक की खास बात ये है कि ये डिजाइनर ड्रेस उनकी दिवंगत मां, दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी को श्रद्धांजलि के तौक पर माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोग एक्ट्रेस के आउटफिट को श्रीदेवी की यादों से जोड़ रहे हैं। इवेंट में जाह्नवी के साथ उनके होमबाउंड के को-एक्टर ईशान खट्टर, विशाल जेठवा, निर्देशक नीरज घायवान और निर्माता करण जौहर भी रेड कार्पेट पर नजर आए थे। जाह्नवी के आउटफिट की बात करें तो ये इसमें काफी मुशिकल डिजाइन और बनारस की हस्तकला शामिल किए गए थे। यह लुक भारतीय परंपराओं और आधुनिकता का सहद मेल था। रेड कार्पेट पर उनके भारी-भरकम गाउन को संभालने में ईशान खट्टर और निर्देशक नीरज घायवान ने भी उनकी मदद की जिसकी सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है। एक होटल की लॉबी से सामने आए क्लिप में ईशान और नीरज जाह्नवी का हाथ थामे सीढ़ियों से उतरते दिख रहे हैं। होमबाउंड फिल्म की बात करें तो फिल्मी का प्रीमियर कान्स के प्रतिष्ठित 'अन सर्टेन रिगार्ड' सेक्शन में हुआ था। यह फिल्म नीरज घायवान द्वारा निर्देशित है और इसमें जाह्नवी, ईशान और विशाल जेठवा मे अहम भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी भारत के एक गांव में दो बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। खास बात है कि मार्टिन स्कॉर्सेसी इस फिल्म से निर्माता के तौर पर जुड़े हैं जिसने मूवी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में मदद की है। जाह्नवी की इस शानदार डेब्यू में साथ देने के लिए उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए थे। उनकी बहन खुशी कपूर, बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया और दोस्त ओरहान अवत्रामणि (ओरी) कान्स में एक्ट्रेस को सपोर्ट करने पहुंचे थे। करण जौहर और अदार पूनावाला इस फिल्म के निर्माता हैं। जाह्नवी की यह मौजूदग भारतीय सिनेमा के लिए किसी प्राउट मोमेंट से कम नहीं था। साथ ही उनके इस लुक ने श्रीदेवी की विरासत को फिर से ताजा कर दिया है।

# अक्षय ने परेश पर ठोका 25 करोड़ का मुकदमा

### 'हेरा फेरी 3' डायरेक्टर ने किया सपोर्ट



कल्ट क्लासिक कॉमेडी फिल्म 'हेरा फेरी' के तीसरे पार्ट के बनने की खबर जबसे आई है, फैंस का दिल खुशी से बाग-बाग हुआ पड़ा है। लेकिन इस खुशी में दर्शकों को बड़ा झटका परेश रावल ने दिया। परेश रावल ने फिल्म को अचानक से छोड़ दिया है। ऐसे में फिल्म की टीम के साथ-साथ चाहनेवाले भी उदास और परेश हो गए हैं। खबर है कि अक्षय कुमार ने फिल्म को छोड़ने परेश पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा ठोका है। अब इस बारे में डायरेक्टर प्रियदर्शन ने बात की है।
'हेरा फेरी 3' के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार ने परेश रावल को लीगल नोटिस भेजा है। अक्षय ने फिल्म को अचानक छोड़ने और प्रोजेक्ट को खराब करने के लिए परेश पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा किया है। इस बारे में पोर्टल संग बातचीत के दौरान डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अक्षय के कदम को सही बताया। प्रियदर्शन का कहना है कि अक्षय कुमार को ये कदम उठाने का हक है, क्योंकि उनकी मेहनत की कमाई प्रोजेक्ट में लगी हुई है। इतना ही नहीं, अक्षय ने प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला से पिक्चर के राइट्स भी खरीद लिए थे। प्रियदर्शन ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ, क्योंकि परेश ने हमें इन्फॉर्म नहीं किया। फिल्म शुरू करने से पहले अक्षय ने मुझसे सुनील और परेश दोनों से बात करने के लिए कहा था। मैंने दोनों से बात की भी थी और दोनों इसके लिए राजी थे। मेरा इसमें कुछ खोने लायक नहीं है, लेकिन अक्षय ने पैसे लगाए हुए हैं और ये कारण हो सकता है कि वो ऐसा एक्शन ले रहे हैं। अभी तक परेश रावल ने मुझसे बात नहीं की है। परेश रावल के 'हेर फेरी 3' छोड़ने की खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। माना जा रहा था कि एक्टर ने ये कदम डायरेक्टर संग क्रिएटिव डिफरेंस के चलते उठाया है।



# कौन हैं रुचि गुर्जर

### कान्स 2025 में पीएम मोदी की फोटो वाला नेकलेस पहन मचाई सनसनी?

78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन फ्रांस में जारी है। इस समारोह में देश और विदेश की तमाम नामी हस्तियां अपने-अपने अजब-गजब लुक से रेड कारपेट पर जलवा बिखरेते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान इंडियन मॉडल रुचि गुर्जर ने अपने निराले अंदाज से कान्स में महफिल लूट ली है। रुचि देश के प्रधानमंत्री के फोटो वाला नेकलेस पहनकर कान्स 2025 में पहुंची हैं। रुचि गुर्जर के इस लुक ने सुर्खियां बटोर ली हैं और हर कोई उनके इस लुक को देखकर हैरान है। आइए जानते हैं कि आखिर रुचि गुर्जर कौन हैं और क्या करती हैं। मूलरूप से राजस्थान के गुर्जर परिवार में जन्म लेने वालीं रुचि गुर्जर एक पेशेवर मॉडल हैं। साल 2023 में उन्होंने मॉडलिंग के क्षेत्र में सफलता हासिल करते हुए मिस हरियाणा का खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं रुचि ने राजस्थान के जयपुर महारानी डिग्री कॉलेज से ग्रेजुएशन को पूरा किया और आंखों में फिल्मी सितारा बनने का सपना लेकर वह मुंबई आ गईं। मायानगरी में रुचि गुर्जर लगातार मॉडलिंग कर रही हैं। रुचि के दो गाने खूब वायरल हुए हैं, जिनमें एक्ट्रेस के तौर पर उन्होंने जमकर वाहवाही लूटी है। यूट्यूब पर रिलीज होने वाले इन दोनों गानों के नाम जब तू मेरी न सही और हेली में चोर हैं। इन गानों पर मिलियंस में व्यूज और लाइक मौजूद हैं। बॉलीवुड में रुचि ने अपने करियर को लेकर खुलकर बात की और बताया- आज जिस फील्ड में मैं एक्टिव हूं, उसके लिए मेरे जैसे परिवार के लोग जाने के लिए इजाजत नहीं देते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए मेरे पिता का मुझे पूरा सपोर्ट रहा है।

## 3 घंटे 31 मिनट की फिल्म जिसमें थे कुल 72 गाने

### आज तक कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड



हिंदी सिनेमा की शुरुआत से ही गाने फिल्मों की जान रहे हैं। कई बार फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो जाती हैं, लेकिन उनके गाने दिलों में बस जाते हैं। भारत में फिल्म और संगीत का रिश्ता इतना गहरा है कि दोनों को अलग करना नामुमकिन है। पुरानी फिल्मों की बात हो तो सबसे पहले उनके गाने ही याद आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक ऐसी फिल्म भी बनी थी, जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे और वह रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया? आइए जानें इस मूवी के बारे में... हम बात कर रहे हैं 1932 में रिलीज हुई फिल्म 'इंद्र सभा' की, जिसमें कुल 72 गाने थे। यह रिकॉर्ड 93 साल बाद भी बरकरार है। यह फिल्म करीब 3 घंटे 31 मिनट की थी। इससे पहले 1925 में 'इंद्र सभा' नाम से एक साइलेंट फिल्म बन चुकी थी, जिसे मनिलाल जोशी ने निर्देशित किया था। उसमें न संगीत था, न डायलॉग। लेकिन जब 1932 में साउंड फिल्मों का दौर शुरू हुआ, तो 'इंद्र सभा' ने 72 गानों के साथ इतिहास रच दिया। 'इंद्र सभा' को जेएफ मदन की मशहूर कंपनी मदन थिएटर्स ने बनाया था। जेएफ मदन उस समय के जाने-माने थिएटर कलाकार और फिल्म वितरक थे। यह फिल्म 1853 में पहली बार स्टेज पर पेश किए गए एक लोकप्रिय उर्दू नाटक पर आधारित थी।

# चेन्नई पर जीत के साथ राजस्थान का सफर समाप्त

## युद्धवीर-आकाश के बाद वैभव सूर्यवंशी ने बिखेरी चमक

एजेंसी ● नई दिल्ली

इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूनार्मेंट की चौथी जीत दर्ज की।वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ संजू सैमसन के नेतृत्व वाली टीम का सफर टूनार्मेंट में समाप्त हो गया। ग्रुप चरण में यह उनका आखिरी मुकाबला था। वहीं, चेन्नई को अपना आखिरी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ 25 मई को खेलना है। राजस्थान और चेन्नई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूनार्मेंट की चौथी जीत दर्ज की।




लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत अच्छी हुई थी। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अंशुल कंबोज ने तोड़ा। उन्होंने जायसवाल को बोल्ड किया। वह 19 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यवंशी को कप्तान संजू सैमसन का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 98 रन जोड़े। सैमसन 41 और सूर्यवंशी 57 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में रियान पराग कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और तीन रन बनाकर आउट हो गए। ध्रुव जुरेल 31 और शिमरन हेटमायर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई के लिए अश्विन ने दो विकेट लिए जबकि अंशुल कंबोज और नूर अहमद को एक-एक सफलता मिली।

### चेन्नई की पारी

इससे पहले चेन्नई की शुरूआत झटके के साथ हुई थी। डेवोन कॉनवे को युद्धवीर सिंह ने शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। इसके बाद उन्होंने उर्विल को भी पवेलियन की राह दिखाई, जो खाता भी नहीं खोल पाए। चेन्नई के लिए आयुष म्हात्रे ने 43, डेवाल्ड ब्रेविस ने 42 और शिवम दुहे ने 39 रनों की बड़ी पारियां खेलीं। वहीं, कप्तान धोनी 17 गेंदों में एक छक्के की मदद से 16 रन बनाकर आउट हो गए। राजस्थान की तरफ से युद्धवीर सिंह और आकाश मधवाल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि तुषार देशपांडे और वानिंदु हसरंगा को एक-एक सफलता मिली।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने शुरू कर दी है आईपीएल के अगले सीजन की तैयारी?

एजेंसी ● नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा है और वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। हालांकि, टीम इस सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन को भूल कर अगले सत्र के बारे में सोच रही है। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति में सीएसके की कमान संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी ने बताया है कि सीएसके ने अगले सीजन के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
सीएसके की टीम मौजूदा सत्र में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली शुरूआती टीमों में से एक थी। टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर है। धोनी की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने अतीत में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। टीम ने 2024 सत्र की शुरूआत से पहले गायकवाड़ को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके चोटिल होने के बाद फिर से धोनी को टीम की कमान सौंपी गई।धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान कहा, मुझे लगता है कि हमने यह प्रक्रिया (पुनर्निर्माण) पहले ही शुरू कर दी है। जब बल्लेबाजी की बात आती है, तो हम बिना किसी दबाव के खेलना चाहते हैं। पिछले कुछ मैचों में हमने वही किया है। हम इसी के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। गेंदबाजी में हमने कुछ रन दिए हैं। शायद हमें एक अतिरिक्त गेंदबाज की जरूरत है जो पावरप्ले के बाद बेहतर गेंदबाजी कर सके।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए धोनी के पैर आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 का अंत किया

एजेंसी ● नई दिल्ली




मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए।राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया। राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूनार्मेंट की चौथी जीत दर्ज की।

### राजस्थान की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत अच्छी हुई थी। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अंशुल कंबोज ने तोड़ा। उन्होंने जायसवाल को बोल्ड किया। वह 19 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यवंशी को कप्तान संजू सैमसन का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विक्ेट के लिए 98 रन जोड़े। सैमसन 41 और सूर्यवंशी 57 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में रियान पराग कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और तीन रन बनाकर आउट हो गए। ध्रुव जुरेल 31 और शिमरन हेटमायर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई के लिए अश्विन ने दो विकेट लिए जबकि अंशुल कंबोज और नूर अहमद को एक-एक सफलता मिली।

## मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में क्यों नहीं खेल रहे अक्षर पटेल?

मुंबई। मुंबई इंडियंस के खिलाफ वर्चुअल नॉकआउट मैच में दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को नियमित कप्तान अक्षर पटेल के बिना खेलने उतरी है। उनकी जगह फाफ डुप्लेसिस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। बता दें कि, अगर मुंबई की टीम ये मुकाबला जीतने में सफल रही तो 16 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी क्योंकि दिल्ली इसके बाद अधिकतम 15 अंक ही हासिल कर पाएगी। अब तक गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है। चौथे स्थान के लिए मुंबई और दिल्ली के बीच मुकाबला है।टॉस के दौरान दिल्ली की कप्तानी कर रहे फाफ डुप्लेसिस ने बताया कि अक्षर पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं। उन्होंने कहा कि अक्षर को फ्लू है। डुप्लेसिस ने बताया कि अक्षर की जगह अनकैप्ड भारतीय ऑलराउंडर माधव तिवारी को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मैच में हार्दिक पांड्या ने प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है।

## धोनी ने वैभव और म्हात्रे जैसे युवा खिलाड़ियों को दी सलाह, बोले- उम्मीदें बढ़ने पर दबाव नहीं लें

एजेंसी ● नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा है कि उनसे उम्मीदें बढ़ने पर वे ज्यादा दबाव नहीं लें। 14 साल के वैभव ने आईपीएल 2025 में डेब्यू किया और अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में सफल रहे। उन्होंने सीएसके के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में 33 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूनार्मेंट की चौथी जीत दर्ज की।धोनी ने कहा कि बल्लेबाजों को निरंतरता पर ध्यान देना होगा, जो 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने पर बरकरार रखना मुश्किल होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीदें बढ़ने पर अतिरिक्त दबाव लेने की जरूरत नहीं है। धोनी ने मैच के बाद कहा, उन्हें निरंतरता के लिए प्रयास करना होगा, लेकिन अगर आप 200 से ज्यादा स्ट्राइक रेट की तलाश में हैं तो निरंतरता पाना मुश्किल है। उनके पास किसी भी स्तर पर छक्के मारने की क्षमता है। जब उम्मीदें बढ़ जाती हैं, तो दबाव न लें।

सीनियर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ से सीखें, यह खेल को पढ़ने के बारे में है। यह मेरी सलाह उन सभी युवाओं को होगी जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन सीएसके की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। धोनी ने इस बारे में कहा, अगर आप देखें कि हमने कितने रन बनाए, तो यह बहुत अच्छा था, लेकिन आपको विकेट भी देखने होंगे क्योंकि इससे निचले मध्यक्रम पर दबाव पड़ता है कि आप 20 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाएंगे। मुझे लगता है कि ब्रेविस की पारी बहुत अच्छी थी, वह मौके भुना रहा था और मुझे लगता है कि रन रेट अच्छा था। यही वह जगह है जिसमें हम थोड़ा सुधार करना चाहते हैं। मुझे लगता कि रन-रेट ठीक था, लेकिन हमने एक-दो विकेट अतिरिक्त गंवाए।




# रोहित-कोहली की अनुपस्थिति में भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा-विक्रम राठौड़



एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा।राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

### राठौड़ ने वैभव को सराहा

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है। उसने इतनी परिपक्वता दिखाई है और इस तरह के अनुभव से वह और निखरेगा।




क्रिस्टल पैलेस के जोएल वार्ड लंदन के सेलहर्स्ट पार्क में क्रिस्टल पैलेस और वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के बाद एफए कप को थामे हुए हैं।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम का एलान

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इस महीने होने वाली घरेलू टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम का एलान कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली इस सीरीज के लिए तेज गेंदबाज हसन अली की टीम में वापसी हुई है जबकि सीनियर बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एक बार फिर अनदेखी का सामना करन पड़ा है।हसन ने लगभग तीन साल में सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है। 2024 में आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में खेले गए मैच में उन्होंने तीन ओवर में 42 रन लुटाए थे जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। हसन ने पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 विकेट चटकाए हैं।रिजवान और बाबर को जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पिछली दो सीरीज में भी बाहर रखा गया था। माना जा रहा है कि पीसीबी अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए अपने शीर्ष क्रम में नए खिलाड़ियों को मौका दे रहा है।

# पिकलबॉल में हाथ आजमाते नजर आए कोहली और अनुष्का, कार्तिक-दीपिका भी दिखे

एजेंसी ● नई दिल्ली

पिकलबॉल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं।भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबॉल खेलती नजर आई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बॉन्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकलबॉल खेला और जोड़दीर के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबॉल में हाथ आजमाया।

पिकलबॉल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली



अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं।

इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है।

आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि वह मैदान पर अभ्यास नहीं कर पा रही थी, इसलिए पिकलबॉल इवेंट से उसके खिलाड़ियों को राहत मिली है।

# भारत को इस दिन मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित होगी टीम

एजेंसी ● जयपुर

रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। इंडिया टूडे की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान 24 मई को किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो




सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र की शुरूआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट कोहली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।



इंडोनेशिया के ईस्ट फ्लोर्स के माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी का विस्फोट पुलुलेरा गांव से देखने पर होता है।

## शॉट न्यूज

### बांग्लादेश में मस्क का सैटेलाइट वाला स्टारलिंक इंटरनेट शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में इलॉन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी स्टारलिंक ने कल अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने इसके लिए देश की जनता को बधाई दी। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा- देश में स्टारलिंक का हाई-स्पीड, लो-लेटेंसी इंटरनेट दो पैकेज के साथ उपलब्ध हो चुका है। एक प्लान में लोगों को 6000 टका (4,203 भारतीय रुपए) और दूसरे प्लान में 4200 टका (2,942 भारतीय रुपए) खर्च करने होंगे। हालांकि स्टारलिंक का सेटअप के लेने लिए उन्हें अलग से 47000 टका (32,930 भारतीय रुपए) खर्च करने होंगे। इसमें उन्हें एंटीना और मॉडेम मिलेगा। यूजर्स को इन प्लान में असीमित डेटा के साथ 300 mbps तक की स्पीड मिलेगी। यूनुस स्टारलिंक को लेकर कह चुके हैं कि इसे राजनीति से अलग रखा गया है। मार्च में उन्होंने कहा था कि भविष्य में अगर देश में कोई राजनीतिक संकट भी पैदा होता है, तो इससे स्टारलिंक सर्विस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### वैज्ञानिकों ने बताया- क्या है सबसे खुशी देने वाली नौकरी

**नई दिल्ली।** क्या आपकी नौकरी आपको सुकून देती है या हर सोमवार तनाव के साथ ऑफिस जाते हैं? अब इस सवाल का जवाब विज्ञान ने दे दिया है। एस्टोनिया की टार्टू यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक नई स्टडी में दुनिया की सबसे संतोषजनक और थकाऊभरी नौकरियों का खुलासा किया है। इस रिसर्च में करीब 59000 लोगों और 263 अलग-अलग पेशों का विश्लेषण किया गया। लोगों से उनकी नौकरी, वेतन, पर्सनालिटी और जीवन के अलग-अलग पहलुओं को लेकर सवाल पूछे गए। इसके आधार पर यह तय किया गया कि कौन-सी नौकरियां लोगों को सबसे ज़्यादा संतुष्टि देती हैं। रिसर्च में कहा गया है कि सबसे आरामदायक नौकरियों में धार्मिक कार्य (पादरी आदि), डॉक्टर और अन्य मेडिकल प्रोफेशन, लेखक या लेखक जैसे रचनात्मक कार्य, साइकोलॉजिस्ट, बच्चों के शिक्षक और जहाज इंजीनियर और मेटलवर्कर शामिल हैं।

### इजराइल को ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने चेतावनी दी

# गाजा में जंग नहीं रोकी तो ठोस कार्रवाई करेंगे

**तेल अवीव ● एजेंसी**

इजराइल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजराइल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजराइल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया। साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजराइली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए । सोमवार को पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजराइल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'ऑक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है।

**चेतावनी**



### यूएन एजेंसी नहीं, अमेरिकी एजेंसी खाना बांटेंगी

रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजराइल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजराइली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि, कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है।

**इजराइल ने गाजा में 2 मार्च को लागू की नाकाबंदी -** पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजराइल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरुरी मदद फिर से शुरु करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरुरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजराइल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरुरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।

## अफगानिस्तान भी रोकेगा पाकिस्तान का पानी, कुनार नदी पर बना रहा डैम

### अफगान जनरल बोले- ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे

**काबुल ● एजेंसी**

भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने कल जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा- यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता



है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा।

480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती। यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्त्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है।

### रूस ने टेस्ट किया नया वर्जन, भारत को ऐसे होगा फायदा

# सुखोई फाइटर जेट को मिली एआई की ताकत

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद पर करारा प्रहार करते हुए कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक निशाना साधा था। इस दौरान भारत के सुखोई सू-30एमकेआई विमानों ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। अब रूस ने इस विमान का नया वर्जन लॉन्च किया है। रूस ने हाल ही में सुखोई सू-57एम फाइटर जेट के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-असिस्टेड वर्जन का सफल परीक्षण किया है।रूस ने सू-57ए की पहली एआई-एसिस्टेड फ्लाइट को फिलहाल एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार किया गया है। जानकार इस प्रयोग को रूस के एयरोस्पेस इतिहास में मील का पत्थर बता रहे हैं। रूस की टेस्टिंग के दौरान एक पायलट कॉकपिट में मौजूद था। हालांकि फाइटर जेट की फ्लाइट कंट्रोल, नेविगेशन और टारगेट चुनने की क्षमता जैसी चीजें एआई की मदद से ही नियंत्रित की गई। न्यूज 18 ने अपनी एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि एआई की मदद से पायलट तेजी से फैसले ले सकेंगे।

**निशाना**



वहीं यह पायलट के लोड को कम करने और हाइ रिस्क वाले फैसले लेने में भी मदद कर सकता है।अमेरिकी जेट को सीधी टक्कररक्षा विश्लेषकों के मुताबिक यह तकनीक जल्द ही आसमानी वारफेयर का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। बता दें कि रूस 1999 से ही पाक-एफए नाम का कार्यक्रम चला था है जो एआई इंटीग्रेशन के क्षेत्र में काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट का मकसद पांचवीं पीढ़ी के फाइटर्स को तैयार करना था। Su-57M, Su-57 का एक बेटर वर्जन है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह मॉडल अमेरिका के F-22 रैप्टर और F-35 लाइटनिंग II जैसे जेट को सीधी टक्कर दे सकता है।भारत के पाक कितने सुखोई?बता दें कि सुखोई जेट्स भारतीय वायुसेना के बेड़े का सबसे अहम हिस्सा हैं। भारतीय वायु सेना के पास 250 से अधिक Su-30MKI विमान हैं। भारत के सबसे बड़े रक्षा सहयोगी रूस के साथ 1996 में हुए एक सौदे के तहत Su-30MKI कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। तब से इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा असेंबल और निर्मित किया जाता रहा है। अब रूस के इस कदम से भारतीय बेड़े में भी नई तकनीक शामिल की जा सकेगी।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)